
# दुनिया में फिर बढ़ा पीएम मोदी का कद

## मेक्सिको के राष्ट्रपति ने रखा ये प्रस्ताव





नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है. मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने मोदी को लेकर एक खास प्रस्ताव बना रहे है. एंड्रेस मैनुअल का कहना है कि दुनियाभर में चल रहे युद्धों को रोकने और विश्व शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र को 5 साल के लिए एक कमीशन बनाने की जरूरत है. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तीन विश्व नेताओं को शामिल करना चाहिए. उन्होंने बताया कि वह जल्द इस संबंध में एक लिखित प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में रखेंगे.

**मोदी के अलावा इन दो लोगों को भी शामिल करने की अपील**

मेक्सिको के राष्ट्रपति ने कहा कि, इस आयोग में भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा पोप फ्रांसिस और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को शामिल करना चाहिए. इस आयोग का उद्देश्य दुनिया भर में युद्धों को रोकने के लिए एक प्रस्ताव पेश करना होगा. कमीशन का लक्ष्य होगा कि वह दुनियाभर में युद्ध को रोकने के लिए जो प्रस्ताव पेश करे वह अमल में आए और कम से कम 5 साल के लिए एक शांति समझौता हो. उन्होंने कहा कि म्मीद है कि मीडिया इस बारे में जानकारी फैलाने में हमारी मदद करेगा.

**चीन, रूस और अमेरिका से भी की शांति की अपील**

युद्ध जैसी कार्रवाइयों को समाप्त करने का आह्वान करते हुए, मेक्सिको राष्ट्रपति ने चीन, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका को शांति की तलाश करने के लिए आमंत्रित किया और आशा व्यक्त की है कि तीनों देश एक मध्यस्थता को सुनेंगे और स्वीकार करेंगे जैसे कि हम प्रस्तावित कर रहे हैं. ओब्रेडोर ने कहा कि, कोई उन्हें बताए कि इन देशों के आपसी टकराव की वजह से एक साल से भी कम समय में दुनिया को किस स्तर पर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है. विश्व में गरीबी, महंगाई बढ़ी है और दुनिया भोजन के संकट से गुजर रही है. इस वजह से दुनिया भर मे कई मौतें हुईं हैं. ओब्रेडोर के मुताबिक, प्रस्तावित कमीशन ताइवान, इजराइल और फिलिस्तीन के मामले में भी समझौतों तक पहुंचने में मदद करेगा. इससे आगे होने वाले टकराव को रोकने में मदद मिलेगी.

### सेंट्रल जेल ग्वालियर में महिला कैदी बांधेगी बंदी भाइयों को राखी, बनेंगे विशेष पकवान

ग्वालियर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जेल विभाग ने रक्षाबंधन पर भाई बहनों की विशेष मुलाकात का आदेश जारी नहीं किया है, जिसके चलते ग्वालियर सेन्ट्रल जेल में बंद भाइयों को बहनें राखी नहीं बांध सकेंगी, लेकिन किसी भी पुरुष कैदी की कलाई सूनी नहीं रहेगी। इस खास मौके पर कोई भी कैदी उदास न हो और उसे परिवार की कमी महसूस न हो इसके लिए सेंट्रल जेल ग्वालियर ने एक नई पहल शुरू की है। इस साल जेल में बंद महिला कैदी पुरुष बंदियों की कलाई में राखी सजाकर रक्षा बंधन का त्यौहार मना सकेंगी। साथ ही त्यौहार के मौके पर सभी कैदियों को स्पेशल खाना दिया जाएगा। कैदियों को रक्षाबंधन पर पूड़ी, सब्जी, रायता, हलवा और मिठाई खाने में दी जाएगी।

## 'काला जादू' जैसी अंधविश्वास की बातें करके पीएम पद की गरिमा को गिराना बंद कीजिए : राहुल गांधी



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पीएम मोदी ने बुधवार को कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा था कि लोग कितना भी झाड़-फूंक, काला जादू कर लें जनता का विश्वास अब उन पर दोबारा कभी नहीं बन पाएगा. अब इसी मुद्दे पर राहुल गांधी ने ट्वीट किया है कि प्रधानमंत्री को महंगाई नहीं दिखती? बेरोज़गारी नहीं दिखती? अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए, 'काला जादू' जैसी अंधविश्वासी बातें करके पीएम पद की गरिमा को गिराना और देश को भटकाना बंद कीजिए, प्रधानमंत्री जी. जनता के मुद्दों पर जवाब तो देना ही पड़ेगा. दरअसल, 5 अगस्त को संसद और संसद के बाहर कांग्रेस के सभी नेताओं ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन किया था. इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा में गरीबों को मुफ्त राशन दिए जाने से पहले उनसे 20 रुपये में तिरंगा खरीदने पर मजबूर करने की घटना की निंदा की थी.

उन्होंने इस पूरी घटना को लेकर एक फेसबुक पोस्ट भी लिखा था. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि तिरंगा हमारा अभिमान है, ये हर दिल में बसता है. राष्ट्रवाद कभी बेचा नहीं जा सकता, ये बहुत ही शर्मनाक है कि राशन देने के बदले गरीबों से तिरंगे के नाम पर जबरन 20 रूपए की वसूली की जा रही है. तिरंगे के साथ-साथ हमारे देश के गरीबों के आत्मसम्मान पर भी प्रहार कर रही है भाजपा सरकार. गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए 21 अगस्त से चुनाव शुरू होंगे. राहुल गांधी इस पद के लिए चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है. पार्टी नेताओं ने कई बार उनसे अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी. हालांकि, अभी तक राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने के अनुरोध को ना नहीं कहा है. साल 2019 के लोकसभा चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और चाहते थे कि एक गैर गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष चुना जाए.

## कर्नाटक में सीएम नहीं बदलेगी बीजेपी

### येदियुरप्पा के करीबी बसवराज बोम्मई के हाथ में ही रहेगी कमान



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई कम से कम अगले विधानसभा चुनाव तक शीर्ष पद पर रहेंगे। भाजपा की केंद्रीय टीम के सूत्रों ने इस मामले पर जारी अटकलों के बीच इसकी पुष्टि की है। आपको बता दें कि प्रदेश में 15 अगस्त तक बदलाव की चर्चा है, लेकिन दिल्ली के सूत्रों ने ऐसी संभावना से इनकार किया है। दिल्ली में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि बोम्मई को बीएस येदियुरप्पा और आरएसएस (भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से परामर्श करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुना गया था। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी निश्चित रूप से उन्हें नहीं बदलेंगे। अगर पार्टी आलाकमान ऐसा करते भी हैं वे चुनाव से ठीक पहले पार्टी की छवि को खतरे में डाल देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बोम्मई से मिलने के बाद नेतृत्व परिवर्तन की अफवाहें शुरू हुईं और कहा जाता है कि उन्होंने राज्य में कथित कानून-व्यवस्था की विफलता का मुद्दा उठाया। बीजापुर शहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बसनगौड़ा पाटिल, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि येदियुरप्पा को बदल दिया जाएगा, इस बार भी मुखर रहे हैं। राज्य के एक अन्य भाजपा नेता और पूर्व विधायक बी सुरेश गौड़ा ने आग में घी का काम किया। हालांकि, येदियुरप्पा ने अफवाहों का कड़ा खंडन किया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जब राज्य के चुनाव सिर्फ सात-आठ महीने दूर हैं तो मुख्यमंत्री को बदलने का कोई सवाल ही नहीं है।

### नाइट क्लब में लड़की के साथ छेड़छाड़-मारपीट, मैनेजर समेत 6 बाउंसर गिरफ्तार

गुरुग्राम, 11 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक हाई प्रोफाइल क्लब के बाहर मारपीट का मामला सामने आया है। उद्योग बिहार एरिया के कासा डांजा क्लब के बाहर कुछ बाउंसर्स ने लड़की के साथ मारपीट की। घटना 7 और 8 अगस्त के दरमियानी रात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाउंसर ने पहले तो लड़की के साथ छेड़छाड़ की, जिसका विरोध उसके दोस्तों ने किया। इसके बाद बाउंसर्स ने सभी को सड़क पर ले जाकर लाठी-डंडों से पीटा। इतना ही नहीं, बाउंसर ने एक घड़ी और करीब 10 से 12 हजार रुपए छीन लिए। हालांकि, क्लब ने लड़की के साथ छेड़खानी से इनकार किया है। पुलिस ने इस मामले में क्लब के मैनेजर सहित सोनू, मंदीप, सुमित, नितिन, राम सिंह और राकेश को गिरफ्तार किया है।। घटना की पुलिस में शिकायत के बाद कासा डांजा क्लब की ओर से बयान जारी किया गया। क्लब के मुताबिक, लड़की के किसी तरह की छेड़खानी नहीं की गई है।

## नीतीश कुमार की पलटी ने महा विकास अघाड़ी में भी फूंकी जान

**शरद पवार भी बना रहे प्लान**



मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की राजनीति में हुए बदलाव का असर महाराष्ट्र में भी देखने को मिल रहा है। खबर है कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने महाविकास अघाड़ी के बने रहने की इच्छा जाहिर की है। इस संबंध में राकंपा नेताओं ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात की है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होकर नया गठबंधन बनाया है, जिसमें राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा शामिल हैं। एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं ने ठाकरे से मुलाकात की थी। इनमें विपक्ष के नेता अजित पवार, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और पूर्व मंत्री छगन भुजवल, सुनील तताकारे जैसे नेता शामिल रहे। इन नेताओं ने ठाकरे के आधिकारिक आवास मातोश्री में करीब एक घंटे तक चर्चा की। खास बात है कि ठाकरे के इस्तीफे के बाद से ही एनसीपी और शिवसेना के बीच संपर्क नहीं था। एक वरिष्ठ नेता ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'एनसीपी नेतृत्व का मानना है कि ठाकरे को यह मानने की जरूरत है कि उनकी एकता उनके ही अस्तित्व के लिए कही क्यों जरूरी है।'

उन्होंने कहा, 'कानून लड़ाई लंबी चलने की संभावना है, लेकिन अगर सभी तीन दल साथ रहेंगे और मिलकर चुनाव लड़ेंगे तो राज्य में राजनीतिक फायदा भी उनके पक्ष में होगा।' उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के विपक्षी दलों के साथ जुड़ते ही राष्ट्रीय स्तर पर भी राजनीतिक तस्वीर बदल गई है। उन्होंने बताया कि अगर सभी विपक्षी दल साथ आएं, तो चीजें बदल सकती हैं। साल 2019 में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर महाविकास अघाड़ी सरकार बनाई थी, लेकिन शिवसेना में विधायकों की बगावत के बाद सरकार गिर गई थी।

## गुजरात-हिमाचल में साफ हो जाएगी कांग्रेस

### एमएलए बृजमोहन बोले- राष्ट्रपति चुनाव के समय कहां गया था आदिवासी प्रेम




बिलासपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस और सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम तब कहां गया था जब एनडीए ने पहली बार देश की महिला आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया था। चुनाव में प्रदेश के कांग्रेसी विधायकों ने उन्हें वोट क्यों नहीं दिया। अब भाजपा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को बदलने पर उन्हें आदिवासी समाज की चिंता हो रही है। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उत्तर प्रदेश, असम, उत्तराखंड के बाद अब गुजरात और हिमाचल में कांग्रेस साफ होने जा रही है। तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर बिलासपुर पहुंचे विधायक बृजमोहन अग्रवाल कार्यकर्ताओं पर नाराज भी हुए। उन्होंने आधी-अधूरी तैयारी को लेकर संगठन के पदाधिकारियों को फटकार लगाई। उनका कहना था कि तिरंगा यात्रा देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम है। इसे लेकर संगठन के पदाधिकारी सजग नहीं रहेंगे तो अभियान सफल कैसे होगा। प्रदेश भाजपा में फेरबदल के अटकलों पर मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने की कोशिश होती रहती है। चर्चाएं भी होती रहेंगी। बदलाव भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जो भी निर्णय होगा सभी को स्वीकार होगा।

**भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने को भाजपा तैयार**

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को बदले जाने के सवाल पर बृजमोहन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का परफार्मेंस बहुत अच्छा है। सदन में विपक्ष ने अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में इच्छा रखना खराब बात नहीं है। लेकिन पार्टी जो निर्णय करती है, उसे हम स्वीकार करते हैं। पार्टी ने फिलहाल प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर सांसद अरुण साव को जिम्मेदारी दी है। वे शिक्षित हैं, एडवोकेट भी हैं। लंबे समय से पार्टी के विचारों से जुड़े हैं। निश्चित तौर पर इससे पार्टी संगठित होंगी। कांग्रेस की भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार होगी। इस सरकार का पतन शुरू हो गया है। 2023 में भाजपा की जीत तय है।

### रामबन में अचानक आई बाढ़, एक महिला और बच्चा लापता रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची



रामबन, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू संभाग के जिला रामबन की पंचायत नीरा में तेज बारिश के बाद अचानक बाढ़ आ गई। सूत्रों के अनुसार, यहां एक महिला और बच्चा लापता हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार रामबन, उपाधीक्षक (मुख्यालय) और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है। बताया जा रहा है कि कुछ घरों को भी अचानक आई बाढ़ ने नुकसान पहुंचाया है। फिलहाल, प्रशासन की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

## 26 साल में सबसे ज्यादा बारिश, जम्मू शहर में 24 घंटों में 189.6 मिलीमीटर हुई वर्षा

जम्मू, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने के चलते जम्मू संभाग में गुरुवार तड़के से जोरदार बारिश हो रही है। जम्मू शहर की बात करें तो यहां 189.6 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो कि पिछले 26 साल में सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू संभाग में भारी बारिश और कश्मीर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश के आसार जताए गए हैं। गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटों में जम्मू शहर में रिकॉर्ड 189.6 मिमी बारिश हुई है। 'कश्मीर वेदर' के फैजान आरिफ केंग के अनुसार, 1996 के बाद से जम्मू शहर में अगस्त में यह सबसे अधिक 24 घंटे की बारिश है। शहर में 23 अगस्त 1996 को 218.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। पांच अगस्त 1926 को जम्मू शहर में अब तक की सबसे अधिक वर्षा 228.6 मिमी दर्ज की गई है। जम्मू संभाग के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हुई है। उधमपुर, सांबा और रियासी में तीन अंकों की बारिश दर्ज की गई है। रियासी में 24 घंटे में 152.5 मिमी, उधमपुर में 121.6 मिमी और सांबा में 105.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कटरा शहर की बात करें तो यहां 24 घंटों में कुल 77.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। कठुआ के बर्मल में 77.5 मिमी बारिश हुई है। जम्मू शहर में बिक्रम चौक के पास तवी नदी के जलस्तर की निगरानी की जा रही है। यहां तवी नदी 9.5 फीट पर बह रही है, जो कि 'अलर्ट लेवल' से 4.5 फीट नीचे है। अखनूर में चिनाब नदी का स्तर सुबह 11:00 बजे 26.4 फीट था। इसका अलर्ट स्तर 32.0 फीट है।

## मवेशी स्मगलिंग केस- टीएमएसी नेता अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने गिरफ्तार किया



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मामले में बीरभूम जिला तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है. उन्हें बुधवार सुबह 11 बजे निजाम पैलेस (सीबीआई कार्यालय) में पेश होने का आदेश दिया गया था. पेशी के बाद उनकी गिरफ्तारी हो गई. अनुब्रत मंडल पर पशु तस्करी का आरोप है. सीबीआई ने इस मामले में तृणमूल नेता को कई बार तलब किया था. हालांकि बीमारी का बहाना बनाकर वह पेश नहीं हुए थे. इसके बाद सीबीआई के अधिकारी उनके बीरभूम आवास पर गए थे. वहां से सोमवार को उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने शारीरिक परीक्षण के बाद कहा कि अनुब्रत को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं है. इससे पहले सीबीआई ने अनुब्रत मंडल को सोमवार को भी पेश होने के लिए समन जारी किया था लेकिन वह खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अस्पताल में भर्ती हो गए. फिर वहां से शाम को बोलपुर के लिए रवाना हो गए. बोलपुर रवाना होने से पहले सीबीआई का एक और नोटिस आ गया जिसमें उन्हें बुधवार को पेश होने के लिए कहा गया. बुधवार को पेश होने के बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनुब्रत मंडल ने सीबीआई को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि पेशी की तारीख को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी जाए. मंडल ने पत्र में कहा था, "डॉक्टरों ने मुझे पूर्ण आराम की सलाह दी है, इसलिए मैं अपने घर से नहीं निकल सकता." मंडल ने सीबीआई को एसएसकेएम अस्पताल और बोलपुर अस्पताल के डॉक्टरों की पर्चियां भी संलग्न की थीं. पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने तृणमूल कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया है. हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने पार्थ चटर्जी मामले में कार्रवाई करते हुए चटर्जी को पार्टी से भी निकाल दिया था. तृणमूल कांग्रेस ने कहा था कि ऐसे मामलों में एक समय सीमा के अंदर आरोप सिद्ध करना चाहिए.

## सीडीआर लीक मामला

### सालों से चल रहा था धंधा, दिल्ली पुलिस के सामने गिरफ्तार आरोपी ने खोले कई राज



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस सीडीआर लीक करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी पवन से पूछताछ कर रही है. साथ ही पूरे मामले में पुलिस को अभी गैंग के कई अन्य आरोपियों की भी तलाश है. पुलिस पूरी चौकसी के साथ डिटेक्टिव एजेंसी चलाने वाले पंकज की तलाश रही है, जो कंपनी का मालिक था. साथ ही बिहार में भी पुलिस की एक टीम रेड कर रही है. दिल्ली में डिटेक्टिव एजेंसी चलाने वाले कई डिटेक्टिव भी पुलिस के रडार पर हैं. पूरे मामले में बड़े और नामी डिटेक्टिव भी गिरफ्तार हो सकते हैं. पूछताछ में अब तक जो बात सामने आई है वो ये है कि करीब 25 हज़ार रुपए में सीडीआर मुहैया कराए जाते थे. इन आरोपियों को सूरत में बैठा शख्स सीडीआर मुहैया करवाता है. ऐसे में सूरत वाले शख्स की भी तलाश जारी है. दिल्ली पुलिस की आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एएटीएस की टीम ये पता लगाने में जुटी है कि ये (आरोपी) अब तक कितनी सीडीआर निकाल चुके हैं. पूछताछ में जानकारी मिली है कि कई सालों से ये धंधा चल रहा है. सीडीआर लीक मामले की जानकारी एमएचए ने भी दिल्ली पुलिस मांगी है.

## बीजेपी ने आप पर बोला हमला, लगाया खिलाड़ियों का अपमान करने का आरोप



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी पर राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता दिव्या काकरान को कथित तौर पर निशाना बनाकर ''महिलाओं और खिलाड़ियों'' का अपमान करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आप की सोशल मीडिया टीम ने काकरान को ट्रोल किया और उसके नेता सौरभ भारद्वाज ने ''अपमानजनक ढंग से'' उनसे प्रमाणपत्र दिखाने के लिए कहा।

**आप का उन लोगों का कर रहा अपमान**

पूनावाला ने एक मीडिया सम्मेलन में कहा कि इसके बाद काकरान ने दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के संबंध में प्रमाणपत्र दिखाया। उन्होंने आरोप लगाया कि आप का उन लोगों का अपमान करने का इतिहास रहा है, जो राष्ट्र ध्वज का सम्मान बढ़ाते हैं चाहे वे सैनिक हों या खिलाड़ी। उन्होंने केजरीवाल से भारद्वाज को पार्टी के सभी पदों से बर्खास्त करने को कहा। भाजपा प्रवक्ता ने 'रेवड़ी संस्कृति' की बार-बार आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने को लेकर भी केजरीवाल की आलोचना की। गौरतलब है कि काकरान ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार से कोई भी वित्तीय सहायता न मिलने की शिकायत की थी।

**आप नेता इसका बचाव करने में लगे**

उन्होंने कहा कि मोदी ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन आप नेता अपराध बोध के कारण इसका बचाव करने लगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लक्षित योजनाओं के साथ समाज के विभिन्न वंचित वर्गों को सशक्त कर रहे हैं जबकि अन्य राजनीतिक दल चुनावों से पहले हर किसी को ''रेवड़ी'' बांटते हैं और वह भी बिना इसकी परवाह किए कि ऐसी योजनाएं लागू की जा सकती है या नहीं।

**क्या है मामला**

गौरतलब है, कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वालीं दिव्या काकरान ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मदद मांगी थी। मदद न मिलने की बात को लेकर काकरान ने सीएम से शिकायत की थी। इसके बाद से ही इस मुद्दे पर राजनीति बढ़ने लगी है। आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने ट्विटर पर उन्हें यूपी का खिलाड़ी बताया तो दिव्या ने उन्हें सबूत दिखाते हुए दावा किया कि वे दिल्ली के लिए 2011 से खेल रही हैं। यह मामला तब शुरू हुआ जब दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ट्विटर पर बधाई दी। इसके बाद कुश्ती खिलाड़ी दिव्या काकरान ने ट्वीट कर कहा कि वे दिल्ली के लिए खेलती हैं लेकिन उन्हें अभी तक दिल्ली सरकार से कोई आर्थिक मदद या सहयोग नहीं मिला है। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली के सीएम से आर्थिक मदद की मांग की।

### शादी का झांसा देकर मुंबई की एयर होस्टेस से कई बार दुष्कर्म

**पीड़िता बोली- मारपीट कर भगाया**

उज्जैन, 11 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई की रहने वाली एक एयर होस्टेस के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि उज्जैन के तोपखाने में रहने वाले युवक आशी खान ने साल 2020 में लिव इन में रहते हुए कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो युवक उसे छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। उस समय युवक मुंबई में गारमेंट का बिजनेस करता था। युवती ने अप्रैल 2022 में युवक के खिलाफ मुंबई के एक पुलिस स्टेशन में दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया। जहां युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया। इसके बाद जेल में ही बैठे-बैठे युवक ने शातिराना तरीके से युवती को विश्वास में लिया और उसे शादी का वादा कर 21 जून 2020 को जेल जाने के 11 दिन बाद अपनी जमानत करा ली।

## ईडी भाजपा व केंद्र सरकार का 'पोलिटिकल टूल'

### केरल के माकपा नेता इसाक का आरोप

तिरुवनंतपुरम, 11 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के वरिष्ठ माकपा नेता थॉमस इसाक ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भाजपा नीत केंद्र सरकार का 'पोलिटिकल टूल' या राजनीतिक औजार से ज्यादा कुछ नहीं है। केंद्र सरकार इसका इस्तेमाल कर केरल की विकास योजनाओं को ठप करना और केआईआईएफबी को आर्थिक रूप से तबाह करना चाहती है। इसाक ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा का राजनीतिक औजार है। वे अपने राजनीतिक विरोधियों को अलग-थलग करने, गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने या विपक्षी द्वारा शासित राज्य सरकारों को गिराने के लिए ईडी का इस्तेमाल करते हैं। केरल के पूर्व मंत्री इसाक ईडी द्वारा उन्हें जारी किए गए समन के बारे में पत्रकारों से बात कर रहे थे, उन्होंने ईडी के समन के खिलाफ केरल हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने कहा कि वे हाईकोर्ट का फैसला आने तक ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। ईडी ने माकपा के नेता इसाक को नोटिस जारी किया है। उन्हें यह नोटिस केरल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड (केआईआईएफबी) के वित्तीय लेनदेन में उल्लंघन की जांच के सिलसिले में दिया गया है। उस समय थॉमस केरल की एलडीएफ सरकार में वित्त मंत्री थे। इसाक ने कहा कि केंद्र व भाजपा जनता के बीच यह विश्वास पैदा करना चाहती है कि केआईआईएफबी में भारी अनियमितताएं हैं। केरल को वित्तीय बर्बादी में धकेलने के केंद्र के प्रयास सफल नहीं होंगे। वह केंद्रीय करों में केरल की हिस्सेदारी या जीएसटी में हिस्सेदारी को नहीं रोक सकता। केंद्र राज्य में लगाए जाने वाले करों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

**केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लगाया था आरोप**

पिछले साल केरल विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केआईआईएफबी के कामकाज की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था। आरोप था कि नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने इसके वित्तीय लेनदेन की आलोचना की थी।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: यदि लोग आपको मुर्ख बनाने का प्रयास करें तो याद रखें नम्रता व शान्ति में बहुत बड़ी समझदारी है

शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 3


## सीमा पार के कांटों में फंसी भारत-पाक प्रेम कहानी

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्यार की कोई सरहद नहीं होती है, लेकिन यह भारत-पाक प्रेम कहानी अब भारत-नेपाल सीमा पर अटकी हुई है।

यह सब सोशल मीडिया पर शुरू हुआ, जहां हैदराबाद के किशनबाग का रहने वाला लेकिन सऊदी अरब के एक होटल में काम करने वाला अहमद पाकिस्तान के फैसलाबाद की कलिजा नूर से मिला। उन्हें प्यार हो गया और उन्होंने शादी करने का फैसला किया। वहां से बाधाएं आने लगीं, नूर के परिवार ने शादी का विरोध शुरू कर दिया। हालांकि इस जोड़े ने हार नहीं मानी। पिछले महीने नूर ने अपना घर छोड़ा और अहमद की मदद से दुबई पहुंचने में कामयाब रही। वहां से उनके साथियों ने नेपाल पहुंचने में उनकी मदद की। सूत्रों की मानें तो योजना नेपाल के माध्यम से भारत में प्रवेश करने की थी। नेपाल के एक रहने वाले एक व्यक्ति की मदद से नूर को भारत में लाने में मदद करने की योजना बनाई। एक बार जब नूर दुबई से नेपाल पहुंचा, तो अहमद ने अपने भाई मोहम्मद महमूद को नेपाल जाने और नूर को हैदराबाद लाने के लिए कह दिया। कुछ दिन पहले महमूद अपनी पत्नी का आधार कार्ड लेकर नेपाल के लिए निकला था। हैदराबाद सिटी पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, "इसका इरादा सीमा पर सुरक्षाकर्मियों को आधार कार्ड दिखाना और नूर को भारत में लाना था।" महमूद ने नेपाल में जीवन और नूर से मिलने के बाद दोनों के साथ शुरुआत की और वे भारत-नेपाल सीमा पर बिहार के सुरसंड में सीमा चेक-पोस्ट पर पहुंचे, जहां सशस्त्र सीमा बल ने आधार कार्ड की जांच के बाद उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, नूर ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि कार्ड महमूद द्वारा लाया गया था। इसके बाद तीनों को आगे की कार्रवाई के लिए सुरसंड पुलिस को सौंप दिया गया। एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। तीनों व्यक्तियों को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सुरसंड के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, अहमद सऊदी अरब में है। उसका नाम सूचना रिपोर्ट में नहीं था।

## सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट का छठां वार्षिकोत्सव 29 को

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य में श्री आईमाताजी के 607 वें अवतरण दिवस व छठां वार्षिकोत्सव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 28 अगस्त रात्रि जागरण व सोमवार 29 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा व सचिव हीरालाल सैंणचा ने संयुक्तरूप से बताया कि रविवार 28 अगस्त प्रातः वेला मे श्री आईमाताजी मंदिर व रामदेवजी, भैरुजी, शीतलामाता मंदिर को विशेष फूलों व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें दिनेशनाथ योगी एंड पार्टी धनला श्री आईमाँ के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज को प्रातः 9.15 बजे पूजा-अर्चना, गणेश वंदना व महाआरती, अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा की अध्यक्षता, पधारे अतिथियों का सम्मान, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण, सचिव द्वारा कार्यों का विवरण, अध्यक्ष द्वारा सम्बोधन भाषण, पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर, महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम का समापन होगा।





अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा सिंगापुर में अयोजित होने वाले 11वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए हैदराबाद एयरपोर्ट से रवाना होने के लिए जाते हुए महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी व अन्य तथा दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होते हुए देशभर के वैश्य महासम्मेलन के सदस्य।

## पदक जीतने वाले पुलिसकर्मियों को सीपी ने सम्मानित किया

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा सीपी महेश भागवत ने 22-31 जुलाई को नीदरलैंड के रॉटरडैम में आयोजित विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2022 में पदक जीतने के लिए श्रीबाला बी, डीसीपी रोड सेफ्टी रचकोंडा और ध्रुवाला संजीव कुमार एआरपीसी को सम्मानित किया है। दुनिया भर के प्रतिभागियों ने 63 खेलों में भाग लिया। राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट के दोनों प्रतिभागियों ने पदक (1 रजत और 3 कांस्य) जीते।

## हाईकोर्ट ने नलसर वीसी के चयन पर रिट याचिका खारिज की

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के लक्ष्मण ने गुरुवार को शहर के प्रमुख राष्ट्रीय कानून संस्थान में कुलपति नालसर के चयन के संबंध में दायर एक रिट याचिका को खारिज कर दिया। महेश ममिन्द्ला ने एक रिट याचिका दायर कर शिकायत की कि चयन समिति के लिए प्रो. उपेंद्र बक्सी का नामांकन कानून के विपरीत था। उन्होंने कुलपति के प्रभावी चयन के लिए उक्त प्रभाव की घोषणा और समिति के पुनर्गठन की मांग की। न्यायमूर्ति लक्ष्मण ने याचिका को खारिज करते हुए फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति लक्ष्मण ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े होने की कथित अयोग्यता भी प्रोफेसर पर लागू नहीं होती है।

## महिला को हिरासत में लेने की मामले की सुनवाई 25 को

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति वी भास्कर रेड्डी के दो-न्यायाधीशों के पैनल ने गुरुवार को पुष्टि की कि एक महिला की अवैध हिरासत से संबंधित मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है। पैनल अवैध हिरासत पर सवाल उठाते हुए टिमोती जी द्वारा दायर एक रिट याचिका पर विचार कर रहा था। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता को नाचाराम पुलिस ने निर्धारित समय के बाद परीक्षा हॉल में प्रवेश करने के लिए अवैध रूप से हिरासत में लिया था। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि परीक्षा केंद्र की दूरी के कारण उसे देर हो गई थी। उन्होंने उक्त मामले में सभी प्रतिवादियों के खिलाफ सीबीआई जांच की भी मांग की। पैनल मामले की सुनवाई 25 अगस्त को जारी रखेगा।

## भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कई प्रमुखों से मुलाकात की





हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के गणेश नवरात्रि उत्सव को भव्यातिभव्य रूप से मनाने हेतु जन जन तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से बैठकों के क्रम में भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. विवेक, पूर्व सांसद विजयशांति के अलावा कई संगठनों के सदस्यों के साथ मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इनके अलावा विश्व कुश्ती चैंपियनशिप अंडर-17 में गत महीने कॉस्य पदक प्राप्त करने वाले निखिल यादव, रिसाला ट्रेडर्स असोसियेशन के मिलाप खत्री, प्रताप चौधरी, किशोर सिंह राजपुरोहित, प्रवीण जैन, अमित जैन श्रीश्रीमाल, सुरेश भंसाली, जयंतीलाल बन्दामुथा, बाबूलाल परमार, दिनेश जैन, चंदन जैन तलावट, बलराज देवासी, ओमप्रकाश खत्री, नरपत खत्री, किशोर राजपुरोहित, श्रीकांत खत्री, ललित खत्री, ओमप्रकाश प्रजापत से शिष्टाचार भेंट करते हुए भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के प्रधान सचिव डॉ भगवंतराव, सचिव जसमत भाई पटेल, प्रतिनिधि मंडल के सदस्य दिनेश सिंह, विनोद सिंह, मुकेश जैन चौहान, परमेश्वरी देवी शर्मा, महेश, लक्ष्मण एवं अन्य से शिष्टाचार मुलाकात की गयी।

## ब्यूटीशियन से धोखाधड़ी कर रेप

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक ब्यूटीशियन ने गुरुवार को जीडीमेटला पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उसे धोखा दिया और उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी ने उसे ब्यूटी पार्लर स्थापित करने में मदद करने का वादा किया था। शादनगर की 28 वर्षीय महिला गजुलारामरम में रहकर एक ब्यूटी पार्लर में काम कर रही थी। पुलिस के मुताबिक उसकी करीब दो साल पहले संजीव रेड्डी (30) से दोस्ती हो गई थी। वे करीब आ गए और उसने उसे अपना ब्यूटी पार्लर स्थापित करने में मदद करने का वादा किया। उसने उसकी बात भरोसा कर लिया और वे कई मौकों पर मिले। हालांकि, उसने पार्लर स्थापित करने के अपने वादे के साथ उन्‍हें शोषण किया। उसने शिकायत में कहा कि बीते बुधवार को उसके जन्मदिन पर, रेड्डी कथित तौर पर उसके घर गया और उसके साथ फिर से बलात्कार किया। गाली-गलौज भी करता है और धमकी भी देता है। महिला की शिकायत के आधार पर जीडीमेटला पुलिस ने रेड्डी के खिलाफ बलात्कार, आपराधिक धमकी, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों का मामला दर्ज किया।

## 'भारत काव्य पीयूष' संकलन में नीलम झा की दो कविताओं का चयन



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत वर्तमान में अपनी स्वाधीनता की 75वीं वर्षगाँठ पर अमृत महोत्सव मना रहा है। इस पुनीत अवसर पर भारतीय कवियों द्वारा रचित राष्ट्र-वंदन के अनूठे दस्तावेज के रूप में "भारत काव्य पीयूष" का लोकार्पण आगामी रविवार, 14 अगस्त को सायं 8 बजे (भारतीय समय के अनुसार) डॉ. विनय सहस्रबुद्धे, जो भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष हैं, के द्वारा किया जाएगा। पुस्तक में हैदराबाद की नीलम झा की दो कविताओं को स्थान मिला है। इनमें से एक कविता "एहन सुन्दर भारत" मैथिली भाषा में तथा दूसरी कविता "महान अजनाभवर्ष" हिन्दी में लिखित है। स्वाधीनता के अमृत-महोत्सव में "भारत काव्य पीयूष" पुस्तक की अवधारणा व उसे मूर्त रूप प्रदान करने में वैश्विक हिंदी संस्थान, ह्यूस्टन, अमेरिका के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता व उनकी प्रबुद्ध टीम के सद्प्रयासों से 8 देशों (अमेरिका, आस्ट्रेलिया, क़तर, तंजानिया, भारत, श्रीलंका, यू.ए.ई और यूनाइटेड किंगडम) में बसे भारत के 115 मनस्वियों के हृदय-तल में मातृभूमि के प्रति हिलोरें लेती सद्भावनाओं को काव्य-रूप में सम्पादित-संकलित व प्रकाशित करना का कार्य अत्यंत सराहनीय है।

## सीरवी समाज जीडिमेटला का वार्षिकोत्सव व बीज महोत्सव 29 को

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं के सानिध्य में श्री आईमाताजी के 607वें अवतरण दिवस व 19वें वार्षिक सम्मेलन पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 28 अगस्त रात्रि जागरण व भादवा सुदी बीज सोमवार 29 अगस्त प्रातः वेला में पूजा-अर्चना व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित किये जायेंगे। अध्यक्ष मांगीलाल काग व सचिव नारायणलाल बर्फा ने संयुक्तरुप से बताया कि रविवार 28 अगस्त प्रातः वेला मे श्री आईमाता मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.01 बजे से जागरण व बोलियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे रमेश सोनी एंड पार्टी बिलाड़ा श्री आईमाँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। सोमवार 29 अगस्त प्रातः 8.15 बजे गणेश वंदना व श्री आईमाँ की पूजा-अर्चना, बोलियाँ लेने वालों का स्वागत, धर्मसभा, कार्यक्रम मे पधारे मुख्यअतिथि के.पी.विवेकानन्द गौड़ विधायक, श्रीशैलम गौड़ पूर्व विधायक, सुरेश रेड्डी व विजयशेखर कॉर्पोरेटर, बहार से पधारे अतिथियों एवं कार्यकारिणी का सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का विवरण, सचिव द्वारा विकास कार्यो का विवरण, अध्यक्ष मांगीलाल काग द्वारा स्वागत भाषण व धन्यवाद प्रस्ताव के पश्चात् पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण मे की जायेगी। महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम का समापन होगा।


### सूचना

**कोलकाता में ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण में**

9, ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट, 5वीं मंजिल, कोलकाता - 700001

**2020 का डेयरी नंबर 493**

**(2001 के ओ.ए.सं.391 से उत्पन्न)**

एपी राज्य वित्तीय निगम लिमिटेड ... अपीलकर्ता

- बनाम -

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड और अन्य ... उत्तरदाता

आर-2. हैदराबाद शोबिज सेंटर प्राइवेट लिमिटेड 8-2-630, आरएमके प्लाजा नंबर 1, बंजारा हिल्स हैदराबाद-500034

आर-3. मोहम्मद इम्तियाजुद्दीन, पुत्र मोहम्मद हसुद्दीन, एच.नं.9-4-77/9/3, यूसुफ तकी तौली चौक, हैदराबाद-500008

आर-4 अबरार अहमद, पुत्र फकीर मोहम्मद, निवासी 66/23, हुमायूं नगर, हैदराबाद-500028

आर-5 मोहम्मद कदीर अली, निवासी, 20-7-841, तलीम महाह, फतेह दुर्वाजा के अंदर, हैदराबाद-500065

आर-7. सिराज अनवर, लांसर का निवास, खाजागुडा हैदराबाद-500032

आर-8। जितेंद्र अग्रवाल, फ्लैट नंबर 20, टेक्की अपार्टमेंट, एसबीआई कॉलोनी, दिलसुख नगर, हैदराबाद-500060 ... उत्तरदाताओं

1. **जबकि** अपीलकर्ता ने एलडी द्वारा पारित आदेश के खिलाफ ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 20 के तहत अपील दायर की है। पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण- I, हैदराबाद दिनांक 18 फरवरी, 2019 को 2021 के ओ.ए.सं.391 में और अन्य राहतें। आपको एतद्वारा दावे का उत्तर देने के लिए 18-08-2022 को ट्रिब्यूनल की सुविधा के अनुसार पूर्वाह्न 10.30 बजे या उसके तुरंत बाद इस ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होने और लिखित बयान दाखिल करने के लिए बुलाया जाता है।

2. यदि आप कोई दस्तावेज दाखिल करने का इरादा रखते हैं, तो आप उसे लिखित विवरण के साथ एक सूची के साथ दाखिल कर सकते हैं।

3. जब आप ट्रिब्यूनल के समक्ष व्यक्तिगत रूप से या किसी वकील/अधिवक्ता द्वारा विधिवत निर्देश दिए जाते हैं तो आपको अपना पंजीकृत पता और उपस्थिति का एक ज्ञापन दाखिल करना चाहिए।

4. इस बात पर ध्यान दें कि पूर्व में उल्लिखित दिन पर आपकी उपस्थिति में चूक होने पर, कार्यवाही को सुना जाएगा और आपकी अनुपस्थिति में निर्धारित किया जाएगा।

मेरे हाथ और इस ट्रिब्यूनल की मुहर के तहत 02 अगस्त 2022 को दिया गया

- रजिस्ट्रार


## एनआईएन ने '75 स्वस्थ पारंपरिक व्यंजन' प्रतियोगिता का आयोजन किया



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) ने गुरुवार को यहां चल रहे आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में अपने छात्रों और कर्मचारियों के लिए '75 स्वस्थ पारंपरिक व्यंजनों' प्रतियोगिता का आयोजन किया। डॉ हेमलता आर, निदेशक आईसीएमआर-एनआईएन ने कहा कि प्रदर्शन पर व्यंजनों ने पारंपरिक पाक कला से सर्वश्रेष्ठ को सामने लाया और प्रतियोगियों ने उनके द्वारा तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संभावित स्वास्थ्य लाभ और गुणों के बारे में भी बताया। इसे 127 अनूठी तैयारियों के साथ 142 प्रविष्टियों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। प्रतियोगिता ने पारंपरिक व्यंजनों का खजाना दिखाया। हम निश्चित रूप से इन सभी व्यंजनों और कई अन्य क्षेत्रों से उनके पोषक मूल्यों के साथ एक पुस्तिका लाएंगे। स्वास्थ्य, स्वाद, प्रदर्शन, सामग्री, विशिष्टता आदि सहित कई मापदंडों को देखते हुए दस प्रतियोगियों को विशेष पुरस्कारों के लिए चुना गया था।



वीर योद्धा शेर सिंह राणा का भाग्यनगर की धरा पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हैं गंगा सिंह (राजस्थान राजपूत युवा संघ अध्यक्ष) विक्रम सिंह, उदय सिंह, गोपाल सिंह, शैतान सिंह, ओब सिंह, इंद्र सिंह, दलपत सिंह, महेंद्र सिंह व अन्य।



मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इसमें भाग लेती हुईं शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन, उपाध्यक्ष शशि नाहर, निवर्तमान उपाध्यक्ष सुरेखा घोड़ेला, मंजू विनायकिया, पूनम बोहरा, संतोष गुजरानी, दिव्या घोड़ेला, खुशबू जैन, कविता मांडण, वरजू राठौर, ललिता लोहार, अंकिता जैन, ईंदू खत्री, रतन गांधी, अनीता सुराणा व अन्य।


भारतीय रेल खानपान तथा पर्यटन निगम लि.

(इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लि.) (भारत सरकार का उद्यम -मिनि रत्न कैटेगरी-I)

दक्षिण मध्य अंचल

#9-1-129/1/102, पहली मंजिल, आक्सफोर्ड प्लाजा, एसडी रोड, सिकंदराबाद- 500003

IRCTC

CIN : L74899DL1999GOI101707

**वाक-इन-इंटरव्यू**

**होटल मैनेजमेंट ग्रेज्युएट्स के लिए**

आयआरसीटीसी लि. द्वारा साउथ सेंट्रल जोन आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र,उडीसा व छत्तीसगढ) में 'संविदात्मक आधार' पर (पूर्णकालिक) हॉस्पिटालिटी मानिटर्स की नियुक्ति के लिए हॉस्पिटालिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन में 3 वर्ष बी.एससी. ग्रेज्युएट्स चाहिए।

अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट:www.irctc.com देखें।


## एनसीसी कैडेटों द्वारा 'हर घर तिरंगा' रैली आयोजित



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री गुजराती प्रगति समाज द्वारा संचालित प्रगति महाविद्यालय (एनसीसी कंपनी, 1 तेलंगाना बटालियन एनसीसी द्वारा आज महाविद्यालय परिसर से आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत "हर घर तिरंगा" रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधवीलता ने इस रैली को आरंभ किया जिसमें एनसीसी अधिकारी कैप्टेन डॉ. टीपी सिंह, श्री राजगोपालन, अमित सिंह, शीला सिंह, सोनिया ज्योति, गिरीश, विजय आदि प्राध्यापकों एवं 70 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य था कि जनता में तिरंगे के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाना था। भारत की शान तिरंगा झंडा लेकर नारे लगाते हुए एनसीसी कैडेट्स ने बड़ी उत्सुकता के साथ भाग लिया।


**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, MOHAMMED BASHEER, R/O, H.NO. 20-3-1085, MASJID E QUTBE ALAM, SHAH GUNJ, HYDERABAD, T.S, HAVE CHANGED MY NAME AS MOHAMMED BASHEER UDDIN, S/O MOHAMMED YOUSUF UDDIN.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक स्वतंत्र वार्ता (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।





सीरवी समाज महिला मंडल पूनम ग्रूप द्वारा काशी विश्वनाथ, श्रीराम मंदिर अयोध्या, त्रिवेणी संगम प्रयागराज, सोमनाथ, द्वारकादीश, ज्योर्तिलिंग व देश की विभिन्न धार्मिक स्थानों की यात्राकर नगरागमन पर आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रूप के 47 जोड़े व ग्रूप इंचार्ज सुशीलादेवी-जसवन्तकुमार देवड़ा (फोटो: परवत सोलंकी)

(Advt)

## क्या सच में उपराष्ट्रपति बनना चाहते थे नीतीश?

### उन्होंने खुद दिया इसका जवाब



पटना, 11 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के आरोप पर अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने सुशील मोदी का नाम लिए बिना कहा कि आपने एक आदमी को यह कहते सुना कि मैं उपराष्ट्रपति बनना चाहता था। यह बिल्कुल मजाक और फर्जी बात है। मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं थी। क्या वे भूल गए कि हमने उन्हें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनावों में कितना समर्थन दिया? वे इसलिए मेरे खिलाफ बोल रहे हैं ताकि उन्हें फिर से जगह मिल सके।

# सुशील मोदी संभाल सकते थे बिहार में बीजेपी की डूबती नैया

## ऐसे भारी पड़ी उनकी गैरमौजूदगी



पटना, 11 अगस्त (एजेंसियां)। 'अगर सुशील मोदी वहां होते, तो मामला अलग होता' यह कहना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का था, जिन्होंने हाल ही में एक फैसले से भारतीय जनता पार्टी और बिहार की राजनीति बदल दी। कहा जा रहा है कि मोदी के बिहार छोड़ते ही राज्य में सियासी हालात तेजी से बदल गए। दरअसल, उनका कद बिहार की राजनीति में काफी बड़ा माना जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को बड़े मामलों में घेरने से लेकर महागठबंधन को घुटनों पर लाने में मोदी की बड़ी भूमिका रही है। अब विस्तार से समझते हैं कि आखिर उनकी गैरमौजूदगी का कैसे असर भाजपा पर पड़ा है।

भाजपा की तरफ से राज्यसभा भेजे गए सुशील मोदी को रणनीति, क्षमता और राजनीतिक सूझबूझ के लिए जाना जाता है। वह तथ्य जुटाकर विरोधियों पर हमला करते हैं। विरोधी भी उनकी इन क्षमताओं से परिचित हैं और राज्य में उन्हें हाशिए पर ले जाने की कई कोशिशें भी हुईं, लेकिन उनके कद पर इसका खास असर नहीं पड़ा। इसका उदाहरण लालू पर बेनामी संपत्ति को लेकर हमलों का सिलसिला भी है।

**लालू प्रसाद के कारनामे जनता के सामने लाए**

4 अप्रैल 2017 को मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और सबूतों के साथ मिट्टी घोटाले के मुद्दे को उठाया। खास बात है कि तब ही राज्य में मॉल की जमीन को अवैध तरीके से पटना जू को बेचने का मामला सामने आया था। इसे लेकर जांच शुरू हुई और कुछ ही समय में मोदी और सबूतों के सामने तैयार हो गए। इसके बाद उन्होंने 16 मई 2017 को फिर यादव परिवार को घेरा और कई अवैध कंपनियों और संपत्तियों का खुलासा किया।

हालांकि, यहां भी मोदी रुके नहीं वह लगातार लालू पर सवाल उठाते रहे और तेज प्रताप यादव से लेकर राबड़ी देवी तक से जुड़ी संपत्तियों का खुलासा किया।

जब सुशील मोदी ने लालू के खिलाफ अपने अभियान की शुरू की थी, तब नीतीश महागठबंधन का ही हिस्सा थे। इसके बाद जब उन्होंने महागठबंधन को खत्म किया, तो कुमार भाजपा के साथ आए गए। इसके बाद कुमार ने लोकसभा में भी अच्छ प्रदर्शन किया और विधानसभा चुनाव भी भाजपा के साथ ही लड़ा। उस दौरान मोदी विरोधियों की तरफ से भी हमलों का सामना कर रहे थे। राज्य में उन्हें दूर रखने की कोशिशें जारी थीं।

# तिरंगा यात्रा पर बवाल: पूर्व चेयरमैन समेत 210 पर केस दर्ज



पाली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। हरदोई जिले के कस्बे पाली में बुधवार शाम हुए बवाल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पूर्व चेयरमैन रिजवान खान और सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष समेत दस नामजद व 200 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही 20 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। बवाल को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई है। बतादें कि बवाल की सूचना पर एसपी और डीएम ने नगर में भ्रमण कर स्थित को नियंत्रण में किया था। गुरुवार सुबह एसपी राजेश द्विवेदी ने कस्बा पहुँचकर स्थित का जायजा लिया। दस थानों की पुलिस के साथ पीएसी को भी लगाया गया है। उपद्रव में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। फिलहाल कस्बे में शांतिपूर्ण माहौल है। बाजार भी खुली हुई हैं। लोग खरीदारी के लिए भी पहुँच रहे है। कस्बे के मोहल्ला इमाम चौक निवासी सिद्वेश्वरी रस्तोगी ने दी हुई तहरीर में बताया कि बुधवार शाम छह बजे के आसपास मोहल्ला निवासी मुन्ना, मारूफ, जुबैर, आरिफ, शमशाद उसके घर घुस आए। बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मुन्ना ने उसके सीने पर तमंचा लगाकर फायर किया जो मिस हो गया। जिससे वह बाल-बाल बच गई।

तहरीर में बताया कि विपक्षी कहने लगे कि तेरा बेटा कहां है आज वो मेरे त्योहार पर तिरंगा यात्रा की अगुवाई कर रहा था। उसे जान से मार डालेंगे। चीखने पर पड़ोस के लोग आ गए विपक्षी तमंचा व पिस्टल से हवाई फायर करने लगे। आए हुए लोगों के बीच बचाव करने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

## भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह को 12 साल की सजा



नवादा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। नवादा एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को करीब 12 साल पहले आचार संहिता उल्लंघन के मामले में हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक अनिल सिंह को एक वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही उन पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सजा सुनाने के बाद अपीलीय बेल बॉन्ड पर उन्हें मुक्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव के दौरान 17 अक्टूबर 2010 को भाजपा उम्मीदवार अनिल सिंह रावण वध कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे। इस बाबत तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अरविंद कुमार की ओर से संबंधित मामला हिसुआ थाना में दर्ज कराया गया था।

# मुख्तार के बेटे को भगोड़ा घोषित करने की तैयारी

## अब तक 56 ठिकानों पर छापेमारी, अंसारी के गुर्गों के घर पर एमएलए अब्बास की तलाश



लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ पुलिस ने अब्बास अंसारी को भगोड़ा घोषित करने के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। इसकी सुनवाई को लेकर शुक्रवार को तारीख तय होगी। महानगर पुलिस ने अब तक उसके विधायक निवास समेत 56 ठिकानों पर छापेमारी की है, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। पुलिस अब्बास की संपत्ति कुर्क करने का नोटिस पहले ही दे चुकी है। मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में लखनऊ पुलिस की चार टीमें पिछले एक सप्ताह से दिन-रात दबिश दे रही हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले ही अब्बास अपना ठिकाना बदल देता है। पुलिस अब अंसारी के गुर्गों की लिस्ट निकाल रही है। उन गुर्गों के घर अब्बास की तलाश की जा रही है।

**सर्विलांस पर लगाए गए 24 से अधिक नंबर**

महानगर पुलिस ने चार टीमें बनाकर लखनऊ, मऊ, गाजीपुर और दिल्ली के आसपास दबिश दे रही है। पुलिस टीम ने बुधवार रात को लखनऊ में आशियाना, एफआई टावर और चिनहट में 9 स्थानों पर दबिश दी। इसमें चिनहट में माइकल और आशियाना में हिस्ट्रीशीटर सुरेंद्र कालिया का घर प्रमुख है।

इसके अलावा, दिल्ली, गाजीपुर और मऊ में 12 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की गई है। हालांकि, पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस अब उसे पकड़ने के लिए मुख्तार के करीबी गुर्गों के घर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने 24 से अधिक लोगों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाए हैं।

इससे पहले पुलिस टीम ने सोमवार और मंगलवार को एक साथ 4 एसीपी की अगुवाई में 23 जगहों पर छापेमारी की थी। आपराधिक मामलों से जमा की गई संपत्ति का ब्यौरा जुटाने में ईडी की टीम लगी हुई है। अब्बास के खिलाफ 12 अक्टूबर 2019 को फर्जीवाड़े का केस दर्ज किया गया था। इसमें एक ही लाइसेंस पर कई हथियार खरीदने का आरोप है। लखनऊ कोर्ट से अब्बास अंसारी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी हुआ था।

# सामूहिक नकल के मामले में 13 कॉलेज डिबार

## द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में नहीं बनाए गए केंद्र



आगरा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा के डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा से पहले सामूहिक नकल में पकड़े गए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। 13 कॉलेजों को दो वर्ष तक के लिए डिबार किया गया है। कॉलेजों का नाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर साझा किया जा रहा है। इनका नाम परीक्षा केंद्र की सूची में नहीं शामिल किया गया है।

**69 कॉलेज भी परीक्षा केंद्रों की सूची से बाहर**

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश के मुताबिक अलीगढ़ मंडल के नकल में पकड़े गए कॉलेजों की सूची अलग से राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने गत सेमेस्टर और मुख्य परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरे का लिंक न उपलब्ध कराने वाले 69 कॉलेजों को भी परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। इनकी सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर डाली जा रही है। आगरा मंडल में सर्वाधिक 23 कॉलेज मैनपुरी जिले के हैं। 22, फिरोजाबाद के, 21 आगरा के और सबसे कम 03 मथुरा जिले के हैं। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक प्रोफेसर संजीव कुमार का कहना है कि इन कॉलेजों के नाम परीक्षा केंद्र की सूची में नहीं हैं। यदि मजबूरी में केंद्र बनाने पड़ते हैं तो विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्तर से स्टाफ लगाकर संबंधित केंद्रों पर परीक्षा कराएगा।

# कमरे से आ रही थी बदबू

## पुलिस ने जांच की तो दफन मिला पति का शव, पत्नी ने खोला बड़ा राज



शाहजहांपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शाहजहांपुर जिले के गढ़ियारंगीन थाना क्षेत्र के खमरिया गांव के रहने वाले गोविंद (30) का शव घर में दफन मिला। पुलिस को शक है कि पत्नी शिल्पी ने ही गोविंद की हत्या कर शव दफना दिया है। पुलिस पत्नी से पूछताछ कर रही है। खमरिया गांव के सतीश सिंह के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा धर्मेंद्र सेना में है। छोटा बेटा गुरविंदर शाहजहांपुर में अपनी ससुराल में रहता है। सबसे छोटा बेटा पत्नी के साथ गांव खमरिया में रहता था। गोविंद को गांव वालों ने सात अगस्त तक देखा था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। भाई गुरविंदर ने गोविंद के बारे में शिल्पी से पूछा तो उसने कहीं रिश्तेदारी में जाने की बात कही। गुरविंदर तब से भाई को तलाश रहा था। दो दिन पूर्व बुधवाना क्षेत्र में एक अज्ञात लाश मिलने की सूचना पर वह वहां गया था। बाद में जब खमरिया गांव पहुंचा तो शिल्पी ने फिर से गोविंद के बाहर जाने की बात दोहराई। तभी घर के एक कमरे से बदबू आने पर उसे शक हुआ। शिल्पी ने चूहा मर जाने की बात कही। इसके बाद गुरविंदर का शक बढ़ गया। उसने पुलिस को सूचना दी। गढ़ियारंगीन थाने की पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकाला। पुलिस को शिल्पी ने बताया कि झगड़ा होने के बाद गोविंद ने फंदे से लटककर जान दे दी थी। उसने घबराकर शव उतारकर जमीन में दफना दिया था। उसके ऊपर से बक्सा आदि सामान भी रख दिया था। सीओ जलालाबाद मस्सा सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## दो युवकों का फिरौती के लिए अपहरण, 7.50 लाख रुपये देने पर छूटे

नालंदा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में दो युवकों का अपहरण कर फिरौती वसूलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों युवकों को सकुशल बरामद कर लिया है। परिजनों ने अपहरणकर्ताओं को साढ़े सात लाख रुपये देने की बात कही है। इस संबंध में मानपुर थाना इलाके के पलनी गांव निवासी मानिकचंद प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार और राघो चौधरी का 26 वर्षीय पुत्र छोटू चौधरी ने बताया कि बुधवार शाम दोनों अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इसी बीच पहले से घात लगाए आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर दोनों को गाड़ी में बैठा लिया और आंख पर पट्टी बांधकर नूरसराय के शेरपुर गांव लेकर चले गए।

# कैफे के केबिन में आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवतियां

## पुलिस ने बनाया वीडियो, हुआ वायरल

आगरा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा के संजय प्लेस के एक कैफे हाउस में पुलिस ने छापा मारा। यहां भूतल के केबिन में चेकिंग के दौरान युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिसकर्मियों ने उनका वीडियो बनाया। यह वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे युवतियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। उधर, पुलिस ने कैफे हाउस का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की रिपोर्ट भेजी है।

**कुछ दिन पहले मारा था छापा**

कुछ दिन पहले संजय प्लेस चौकी से एक दरोगा और दो सिपाही कैफे में पहुंचे थे। कैफे के बेसमेंट में केबिन बने हैं। पुलिस ने एक-एक करके केबिन के पर्दे हटवाए। पीछे युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में थे। सोशल मीडिया पर दो मिनट 13 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक जोड़ा पुलिसकर्मियों के आगे हाथ जोड़ रहा है। गिड़गिड़ा रहा है। युवक बोल रहा है कि सर एक मिनट रुक जाओ। युवती के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। पुलिस ने उसे कपड़े ठीक करने का मौका तक नहीं दिया। साथ में कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं थी। कोई राजपत्रित अधिकारी नहीं था।

**कैसे वायरल हुआ वीडियो?**

पुलिस द्वारा बनाया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कैसे हो गया। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वीडियो वायरल करने के लिए जिम्मेदार कौन है। वीडियो वायरल होने के बाद से अगर युवक-युवती आत्मघाती कदम उठाते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ?

इस संबंध में सीओ हरीपर्वत सत्य नारायण ने बताया कि पुलिस ने पिछले दिनों दो कैफे चेक किए थे। एक के खिलाफ सराय एक्ट में रिपोर्ट भेजी गई है। वीडियो किसने बनाया और वायरल कैसे हुआ। इसकी जांच कराई जा रही है।

# युवती को होटल में बुलाकर मुंह में भर दिया मिर्चा

## चापड़ से किये वार, डेढ़ सौ से ज्यादा लगे टांके



कानपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कानपुर में एक युवती के साथ दिनदहाड़े हैवानियत करने का मामला सामने आया है। युवती को पैसे लेने के लिए बुलाने के बाद उसके मुंह में पहले मिर्चा भर दिया गया। इसके बाद उस पर ताबड़तोड़ चापड़ से वार शुरू कर दिया। युवती खुद को बचाने के लिए भागी और एक दुकान में छिपकर अपनी जान बचाई। पुलिस की मदद से युवती को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तीन घंटे तक लगातार जूझकर डॉक्टरों ने करीब डेढ़ सौ टांके लगाए हैं। पुलिस पूरी मामले की जांच में जुटी है। अधिकारियों को अस्पताल भेजा गया है।

प्रापर्टी का काम करने वाली युवती निधि पांडेय ने बताया कि हमला करने वाले युवक अरविंद सिंह राठौर से उसकी सात साल पुरानी जान पहचान है। एक प्लाट दिलाने की युवक से बात हुई थी। युवती को एडवांस देने के बहाने उसने हॉलीडे होटल बुलाया था।

युवती वहां पहुंची तो युवक ने पानी पीने के दौरान उसके मुंह मिर्चा भर दिया। फिर उसे घसीटते हुए अंदर लॉबी में ले गया। इस दौरान ताबड़तोड़ उस पर चापड़ से हमला किया। युवती चिल्लाती रही और अपने पास रखे करीब डेढ़ से दो लाख रुपये ले लेने और छोड़ने की बात कहती रही। किसी तरह युवती एक कमरे में घुस गई और उसे अंदर से बंद कर चिल्लाने लगी। युवती की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो युवक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से युवती को उर्सला अस्पताल पहुंचाया। यहां उसकी हालत बेहद गंभीर होने पर पहले चापड़ से हुए हमले में कटे हिस्सों को टांके लगाकर सील किया गया।

# नीतीश कुमार मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे

## पीएम बनने के ख्याल पर बौखला जाते हैं: तारकिशोर प्रसाद



पटना, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी विधान मंडल दल के नेता तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। पलटू राम को जनता पहचान चुकी है। जंगलराज को जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। 24 घंटे के अंदर बिहार में जंगलराज कायम हो गया है। नीतीश सुविधा की राजनीति करते हैं। जो जेडीयू अपने बूते मुख्यमंत्री नहीं बना सकती वह पीएम बनाने का सपना देख रही है। तारकिशोर प्रसाद ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीतीश ने जनादेश के अपमान किया है, इसके खिलाफ हम सड़क पर उतरेंगे।

**'जब-जब पीएम बनने का ख्याल आता है, बौखला जाते हैं नीतीश'**

डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि जब-जब नीतीश कुमार के मन में प्रधानमंत्री बनने का ख्याल आता है, तब-तब वे इस तरह की बातें करते हैं। उनकी पीएम बनने की बौखलाहट, उन्हें समय-समय पर जनादेश के प्रति विश्वासघात करने का मौका देती है। उन्होंने कहा कि ये लोग आरोप लगा रहे हैं कि बीजेपी ने जेडीयू के खिलाफ उम्मीदवार खड़े किए, जो झूठ है।

सच ये है कि जेडीयू ने बीजेपी उम्मीदवारों के खिलाफ अपने कैंडिडेट खड़े किए थे। अपनी महात्वाकांक्षा के लिए उन्होंने जैसे आत्मसमर्पण किया, भविष्य में जनता इनके साथ पलटी मारेगी।

## बीजेपी का सीएम नीतीश कुमार पर हमला

### नित्यानंद राय बोले- बिहार में महागठबंधन का 'गुंडाराज' आ गया

पटना, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में महागठबंधन की नई सरकार बन चुकी है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बीजेपी ने चारों ओर से हमला बोल दिया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और बीजेपी नेता नित्यानंद राय ने गुरुवार को ट्वीट कर लिखा है कि एक तरफ आरजेडी की गोद में बैठी जदयू के साथ महागठबंधन आया तो उसके साथ बिहार में महागठबंधन का 'गुंडाराज' भी आ गया। ट्वीट में लिखा गया है कि जगह-जगह से दुष्कर्म, लूट, अपराध की खबरें आने लगी हैं। इसलिए आरजेडी के साथ गए थे न नीतिश कुमार जी? जवाब दीजिये! ट्वीट के साथ एक पोस्टर भी शेयर कर किया है, जिसमें बताया गया है कि पिछले 24 घंटे के अंदर राज्य के किन-किन जिलों में कौन-कौन से अपराध हुए हैं।

वहीं दूसरी ओर राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी विधान मंडल दल के नेता तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं।

# अयोध्या पहुंचे बागेश्वरधाम के महंत, हनुमानगढ़ी में किया दर्शन



अयोध्या, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बागेश्वर धाम के महंत अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और कनक भवन मंदिर और रामलला सदन में दर्शन किया। रामलला का मंदिर बंद होने के कारण उन्होंने रंगमहल बैरियर से ही रामलला को प्रणाम किया। कहा, जल्द ही दर्शन करने के लिए दोबारा अयोध्या आएंगे। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार की रात 9 बजे अयोध्या पहुंचे। इसके बाद उन्होंने रामलला सदन में पीठ के आचार्य जगदगुरु डाक्टर राघवाचार्य से मुलाकात की। जगद्गुरु राघवाचार्य ने उनका परंपरागत स्वागत कर रामलला सदन मंदिर में दर्शन कराया।

इस अवसर पर बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कष्ण शास्त्री ने कहा कि इस बार रात्रि में आने के कारण रामलला का दर्शन नहीं हो सका है। वे जल्द अयोध्या आकर रामलला का दर्शन करेंगे। अयोध्या की अनुभूति को दिव्य बता उन्होंने कहा कि इसका वर्णन मुख से नहीं किया जा सकता। वे अयोध्या आकर यहां रात्रि प्रवास करेंगे।

## मोस्टवांटेड अपराधी रवि गोप महाराष्ट्र से गिरफ्तार

पटना, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पटना का मोस्टवांटेड इनामी अपराधी रवि गोप को एसटीएफ की टीम ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। रवि गोप को पुलिस पटना लेकर आ गई है। एक दर्जन से अधिक संगीन हत्या के मामले रवि पर दर्ज हैं। करीब 14 सालों से फरार चल रहा रवि गोप पटना पुलिस की हिट लिस्ट में शामिल था। जानकारी के अनुसा नागपुर में रवि गोप के होने की सूचना मिलते ही पटना एसटीएफ महाराष्ट्र के लिए रवाना हुई, जहां घेरकर उसे दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ उसे पटना लेकर पहुंची है। रवि गोप से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। बता दें कि एक समय में यह पटना का नामी डॉन था। राजन्द्र नगर रोड नंबर एक में इसका घर है।

## गठबंधन टूटते ही बीजेपी ने नीतीश को बताया आतंकी पनाहगार

### बीजेपी विधायक बोले- बिहार के अंदर स्लीपर सेल और आतंकियों को पनाह दे रहे नीतीश

वैशाली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। एनडीए गठबंधन टूटते ही बीजेपी नेताओं के नीतीश कुमार पर हमले तेज हो गए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने क्राइम की पूरी लिस्ट डालकर लिखा है कि बिहार में गुंडाराज का आगाज हो गया है। इधर वैशाली में भाजपा विधायक ने ना केवल नीतीश कुमार को आतंकियों का संरक्षक बताया गया है, बल्कि नीतीश कुमार पर मोदी की हत्या की साजिश का भी आरोप लगाया है। लालगंज के भाजपा विधायक संजय सिंह ने बिहार बीजेपी के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लाइव कर वीडियो जारी किया है।

# दवा माफिया से मिलकर नशीली दवाओं का धंधा करते थे गुप्ता बंधु

## सामने आया बड़ा सिंडिकेट



गोरखपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। नशीली दवाओं के काले कारोबार में शामिल दवा व्यापारी गुप्ता भाइयों आशीष व अमित के गिरोह में 17 लोग शामिल हैं। सभी अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। पांच लोग तो आगरा के दवा माफिया बताए जाते हैं। आगरा के दवा माफिया से गठजोड़ करके दोनों भाई नशीली दवाओं के काले धंधे में इतने खतरनाक हो गए कि विभाग उन पर हाथ डालने से बचने लगा। सफेदपोश की आड़ में दोनों भाई विभाग के आला अधिकारियों के पास उठना बैठना शुरू कर दिए थे। यही कारण है कि इनका काला धंधा बढ़ता गया, लेकिन शिकंजा नहीं कसा जा सका।

सूत्रों के अनुसार, अब तक की जांच में 17 लोगों के नाम सामने आए हैं। इनमें गुप्ता बंधु और एक तारामंडल का रहने वाला मुकेश मिश्रा का नाम शामिल है। बताया जा रहा कि यही लोग 90 फीसदी फेंसिडिल खपाने का काम करते थे। यही वजह है कि इतनी भारी मात्रा में बिना किसी बिल बाउचर के ये दवाएं ब्लीचिंग पाउडर की आड़ में मंगवाई गई थीं। बताया जा रहा है कि करीब छह माह पहले महाराजगंज के भारत-नेपाल बॉर्डर पर स्थित सौनोली में 650 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं पकड़ी गई थीं। इसमें भी भालोटिया के दवा व्यापारियों के नाम सामने आए थे। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन हुआ था। भालोटिया के इन्हीं दवा व्यापारियों के मैनेजमेंट की वजह से मामले की जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई। बताया जा रहा है कि जिस दिन गीडा में दो करोड़ रुपये की फेंसिडिल सिरप पकड़ी गई थी, उस दिन गुप्ता बंधु को पकड़ने वाली टीम में शामिल किसी सदस्य ने इनाम के तौर पर अच्छी खासी रकम की मांग की थी। यही कारण है कि पहले गुप्ता बंधु दो लाख रुपये में सौदा सेट करना चाह रहे थे। किसी ने 15 लाख रुपये लेकर आने को कहा, जिस पर दोनों भाइयों ने मुकेश नाम के एक कर्मचारी को भेजा। लेकिन, तब तक मामला मीडिया सहित प्रदेश के आला अधिकारियों तक पहुंच गया था।

# राम रहीम की सुनारिया जेल से 11वीं चिट्ठी

## लिखा- बागपत में सबके दर्शन करके खुशी हुई, घर में तिरंगा लगाने का आह्वान

हिसार, 11 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में साध्वी यौन शोषण, छत्रपति व रणजीत हत्याकांड में उम्र की सजा काट रहे डेरा प्रमुख राम रहीम ने अपने प्रेमियों को 11वीं चिट्ठी भेजी है। चिट्ठी में राम रहीम ने बागपत आश्रम में 30 दिनों की पेरोल अवधि में बिताए पलों को यादगारी बताकर अपने प्रेमियों के साथ साझा किए। राम रहीम प्रेमियों को भगवान से खुशियां दिलाने के दावे कर रहा है। साथ ही लंपी बीमारी के लिए किसी चिकित्सक के दिमाग में दवा बनाने के लिए नुख्सा पैदा करने की प्रार्थना भगवान से की। इतना ही नहीं राम रहीम ने केंद्र और राज्य सरकार के हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का भी आह्वान किया। राम रहीम ने चिट्ठी की शुरूआत में यूपी के बागपत



आश्रम में बिताए 30 दिनों की यादों को ताजा करते हुए कहा कि सबके दर्शन करके हमें बड़ी खुशी हुई। जब आप लोग ऑनलाइन गुरुकुल से जुड़ते थे तो सबको बड़ी खुशी होती थी। आप लोगों का सज धज कर बैठना, नाचना, गाना कमाल था। परमात्मा आप सब पर कृपा दृष्टि की मूसलाधार वर्षा करें।

**30 दिन की पेरोल में हनीप्रीत रही साथ**

यूपी के बागपत आश्रम में राम रहीम 30 दिन की पेरोल अवधि पर रहा। इस दौरान अंतिम दिन रात को राम रहीम इंस्टाग्राम पर हनीप्रीत के साथ लाइव हुआ। हनीप्रीत ने डेरा प्रेमियों के प्रश्नों को राम रहीम के समक्ष रखा और राम रहीम ने उसका उत्तर दिया। पूरे एक घंटा 40 मिनट के लाइव प्रोग्राम में राम रहीम ने अपने अनुयायियों के समक्ष अपना ब्लड ग्रुप बदल जाने के दावे किए। हालांकि राम रहीम इस दावे का चिकित्सक प्रमाण नहीं दे पाया। राम रहीम ने कहा कि हनीप्रीत और बाकी साथियों को खुशी देने के लिए हम बाप बेटी इकट्ठे आए हैं। यह हमारी बेटी है, यह रूहानी बेटी है, यह हमें बख्शी है। अपराधी होने के बावजूद भी अबकी बार राम रहीम ने अपने 15 रिकॉर्डिड वीडियो जारी किए। इतना ही नहीं स्टेज बनाकर सत्संग भी किया और गाने भी गाए।

# दिल्ली में कोरोना की चौथी लहर की आहट

## मास्क नहीं लगाने पर लगेगा 500 रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में कोरोना के केस बढ़ने के साथ ही पाबंदियों का सिलसिला फिर शुरू हो गया है. दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर तत्काल प्रभाव से एक बार फिर मास्क अनिवार्य कर दिया है. अब दिल्ली में मास्क न पहनने पर 500 रुपये का जुर्माना लगेगा. बता दें कि दिल्ली में बीते कुछ दिनों से कोरोना मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है. दिल्ली में कोविड के कारण अगस्त में अब तक 40 लोगों की मौत हुई है. स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में कोरोना मामलों के साथ-साथ मौत का भी आंकड़ा बढ़ रहा है. कोविड के कारण अगस्त में अब तक 40 लोगों की मौत हुई है, जबकि जुलाई के आखिरी 10 दिन में कोरोना वायरस ने 14 लोगों की जान ली थी, यानी महामारी के कारण मौत होने के मामले में करीब तिगुनी बढ़ोतरी हुई है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में एक अगस्त को दो, दो अगस्त को तीन, तीन अगस्त को पांच, चार अगस्त को चार, पांच अगस्त को दो, छह अगस्त को एक, सात अगस्त को दो, आठ अगस्त को छह, नौ अगस्त को सात और 10 अगस्त को आठ मौतें दर्ज की गईं. वहीं 22 और 23 जुलाई को क्रमशः एक-एक, 24,25,26 और 27 जुलाई को दो-दो मौतें हुईं, जबकि 28 जुलाई को किसी भी संक्रमित की मौत नहीं हुई. इसके अलावा, 29 और 30 जुलाई को एक-एक मरीज की मौत हुई और 31 जुलाई को किसी भी संक्रमित की मौत नहीं हुई. हालांकि विशेषज्ञों और अधिकारियों का कहना है कि संक्रमण के कारण उन्हीं लोगों की जान जा रही है जो पहले से किसी बीमारी से पीड़ित हैं या जिन्हें कैंसर, टीबी या कोई अन्य गंभीर बीमारी है. एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि मौत के अधिकतर मामलों में मरीज संयोग से कोविड से पीड़ित था, क्योंकि उनका अन्य बीमारियों का इलाज पहले से ही चल रहा था. गौरतलब है कि दिल्ली में बुधवार को कोविड-19 के 2,146 नए मामले सामने आए और आठ मरीजों की मौत हो गई जबकि संक्रमण दर 17.83 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है. राष्ट्रीय राजधानी में 180 दिन के बाद कोविड-19 के कारण इतने मरीजों की मौत हुई है. इससे पहले 13 फरवरी को दिल्ली में कोविड-19 के कारण 12 मरीजों की मौत हुई थी.

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर



विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- पूर्णिमा - 07-05 तक उपरान्त, प्रतिपदा-क्षय
मास - श्रावण शुक्ल पक्ष , शुक्रवार, 12 August
नक्षत्र -धनिष्ठा - 01 -35 - राततक उपरान्त, शतभिषा
योग - सौभाग्य- 11- 32 - तक उप- शोभन
करण- बव - 07 -05 - तक,उप- बालव
विशेष:- पूर्णिमा पुण्य
व्रत -त्योहार - पंचक-14-48 से

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क | में | कर्क... | 04-10 | बजे |
| चंद्र- | मकर | में | सिंह... | 06-22 | बजे |
| मंगल | वृष | में | कन्या | 08-30 | बजे |
| बुध- | सिंह | में | तुला - | 10-34 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | वृश्चिक | 12-44 | बजे |
| शुक्र- | कर्क | में | धनु--- | 14-58 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मकर- | 17-04 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कुंभ - | 18-55 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मीन... | 20-34 | बजे |
| | | | मेष-- | 22-09 | बजे |
| | | | वृष-- | 23-54 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 01-54 | बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:46 से 12:21 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल. | 06:02 - 07:35 | शुभ | रोग | 18:43 - 20:07 | अशुभ |
| लाभ | 07:35 - 09:10 | शुभ | काल | 20:07 - 21:32 | अशुभ |
| अमृत | 09:10 - 10:46 | शुभ | लाभ | 21:32 - 22:57 | शुभ |
| काल. | 10:46 - 12:21 | अशुभ | उत्पात | 22:57 - 00:21 | अशुभ |
| शुभ. | 12:21 - 13:56 | शुभ | शुभ | 00:21 - 01:46 | शुभ |
| रोग | 13:56 - 15:32 | अशुभ | अमृत | 01:46 - 03:10 | शुभ |
| उत्पात | 15:32 - 17:07 | अशुभ | चंचल | 03:10 - 04:35 | शुभ |
| चंचल | 17:07 - 18:40 | शुभ | रोग | 04:35 - 06:02 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आपके अहं को आज पूरी तरह से तृप्ति मिलेगी क्योंकि आपके नेतृत्व और संगठन के लिएं बहुमूल्य योगदान के लिए आपको पुरस्कृत किया जाएगा ।आप परदे के पीछे रहकर अच्छी तरह से काम नहीं कर सकते है इसलिए आपको अपनी प्रतिभा और क्षमता अपने विभिन्न मुद्दों में जिस पर आप अभी कार्य कर रहे है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आपकी करियर से सम्भंधित योजना बिगड़ रही है।आप एक बात पर अपना दिमाग एकाग्रचित नहीं कर पा रहे है । आप सोच सोच कर समय को बर्बाद कर रहे हैं।आप किसी भी अनुभवी पेशेवर या एक कैरियर सलाहकार से सलाह ले सकते हैं।एक कैरियर सलाहकार के मार्गदर्शन से आप को एक मार्ग मिल सकता है ।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आपको आज बहुत सारी चीजों से जुडे अपने वादों को निभाना है ।अपनी सामजिक,वित्तीय तथा निजी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार रहें ।आपके परिजनों ,दोस्तों और सहकर्मियों ,सभी को आपसे मदद की अपेक्षा रहेगी और आप इस दबाव को सह पाने में बिलकुल समर्थ हैं ।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): गृहों की स्थिति आपको आज बहुत अधिक सामाजिक होने को कह रही है ।आप दूसरों से बातचीत के माध्यम से अपनी जीवनशैली और करियर में बदलाव लाना चाहते हैं ।जो कुछ आपने सोचा है .वो सब करने की कोशिश करें ।आप जो भी करना चाहते हैं,उसपर अच्छे से ध्यान केन्द्रित क्र सकते हैं।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आपका आत्मविश्वास डगमगा गया है,इसके चलते आज कोई भी काम ख़ुशी से और संतोषजनक ढंग से पूरा नही हो पायेगा ।कोई ऐसा भी मिलेगा जिसकी नकारात्मक टिप्पणियों से आप और भी निराश महसूस करेंगे,लेकिन चिंता ना करें,यह अस्थायी चरण है और आप जल्दी ही अपना आत्मविश्वास वापस पा लेंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आज आपका ध्यान कही भटक सकता है और आपको लगेगा की आप अपने कार्यो को समय पर पूरा नहीं कर पाएंगे । परिणाम स्वरुप आप अपने कार्यो में पीछे रह सकते है । इसका सबसे अच्छा समाधान है की आप कार्य से एक दिन अवकाश ले और बाहरी गतिविधियों में एक दिन बिताए । यह आपको ऊर्जा से भरेगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा और आपको किसी अप्रत्याशित घटना के लिए तैयार रहना है ।आपको कई दिशायों में सक्रिय रहना पड़ेगा लेकिन सकारात्मक बने रहेंगे ।आप नयी उर्जा एवं वास्तविकता से परिपूर्ण सार्थक योजनायें पेश करेंगे ।अपनों को भी इनमे शामिल करें ।आज किसी ख़ास व्यक्ति से मुलाक़ात होगी ।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): कपड़ों और सौंदर्य प्रसाधनों पर काफी खर्च कर सकते हैं ।हालाँकि आप अपने खर्च को फिजूलखर्ची की सीमा तक पहुचने से पहले नियंत्रित कर पायेंगे ।अपने किसी ख़ास को कोई कीमती उपहार दे सकते हैं,जो उसे बहुत अच्छा लगेगा ।हालांकि अपनी भावनाओं को बोलकर व्यक्त करने से आपकी बात अधिक सार्थक लगेगी ।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आपकी लंबित कई प्रतिबद्धताएं है जिन्हे आपको आज आसानी से पूरा करने के लिए समय मिलेगा ,हालांकि आप अपने आप को बेचैन असावधान और सुस्त महसूस करेंगे ।परिणाम के रूप में, आपका कार्य लंबित होता जाएगा ,क्योंकि आपका ध्यान केंद्रित नहीं है, इसलिए एक दिन की छुट्टी ले और आराम करे ।

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है ।आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं ।आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी ।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): इस समय आपको जीवन में दो ही विकल्प मिलेंगे और दोनों में से किसी एक को भी छोड़ना आपके लिए समान दर्दनाक होगा । आपको अब अपने दिल की सुननी चाहिए ।अपने खाली समय में अपने लक्ष्यों की सूची बनाएं.लेकिन उनकी प्राथमिकताएं भी तय करें । आपकी महत्वकाक्षाएं बढ़ गई हैं और आप उन्हें जितनी जल्दी हो सके,पूरे कर लेना चाहते हैं ।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज आपका मन अटकलों और अनावश्यक चीज़ो की और भागेगा ,परन्तु फिर भी आपकी केंद्रित रहने की क्षमता काफी मजबूत रहेगी ।आप कम से कम समय में अधिक से अधिक काम खत्म करने के क्रम में घर पर या अपने कार्यालय डेस्क पर रहे हालांकि घर पर काम करने में अधिक समय, ऊर्जा और पैसे का हास होगा ।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# चीन का पाक प्रेम आया सामने, आतंकी अब्दुल रऊफ पर प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव को नहीं दे रहा मंजूरी

बीजिंग, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान से व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए चीन किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहता है। इतना ही नहीं चीन इसके लिए आतंकवाद से भी समझौता करने के लिए तैयार रहता है। दरअसल, समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक चीन, अमेरिका और भारत द्वारा यूएनएससी में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष कमांडर अब्दुल रऊफ अजहर पर प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव को मंजूरी देने में देरी कर रहा है। जबकि, अमेरिकी ट्रेजरी ने साल 2010 में ही रऊफ को आतंकवादियों की सूची में डाल दिया था। इसके बाद वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए यूएनएससी में प्रस्ताव भी पारित किया गया लेकिन चीन इससे पीछे हटता नजर आ रहा है।

**जानें कौन है आतंकी अब्दुल रउफ असगर**

पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख संचालक मुफ्ती अब्दुल रउफ असगर उस वक्त महज 24 साल का था जब उसने इंडियन एयरलाइंस के आईसी-814 विमान को 1999 में हाईजैक करने की साजिश रची थी। जिसमें करीब 173 लोग सवार थे। इस हैईजैक के कारण भारत को अब्दुल रउफ के बड़े भाई और जैश के सरगना मसूद अजहर को रिहा करना



पड़ा था। तभी से असगर भारत के टॉप पांच मोस्ट वांटेड आतंकियों की सूची में शामिल है। भारत में जैश द्वारा किए जा रहे हमलों की योजना असगर ही बनाता है। जिसमें 2001 का जम्मू कश्मीर विधानसभा पर हुआ आतंकी हमला, संसद पर हुआ हमला, पठानकोट आतंकी हमला, नगरोटा और कठुआ कैंप पर हमला और हाल ही में हुआ पुलवामा आतंकी हमला भी शामिल है। भारतीय खुफिया एजेंसी के मुताबिक अब्दुल रऊफ असगर, अजहर मसूद की गैर मौजूदगी में जैश से संबंधित सभी फैसले लेता है।

**परवेज मुशर्रफ की हत्या की भी की थी कोशिश**

जब पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अजहर की हत्या की कोशिश की तो वह कुछ सालों के लिए अंडरग्राउंड हो गया था। उस समय भी अब्दुल रऊफ असगर ही अफगानिस्तान की यात्रा कर तालिबान से बात कर रहा था और जैश के कामों को अंजाम दे रहा था। वह भारत पर होने वाले आतंकी हमलों की खुले तौर पर जिम्मेदारी लेने वालों में जाना जाता है। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहता है। रंगूर डॉट कॉम पर जारी एक वीडियो में असगर ने पठानकोट आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। इसके बाद दिसंबर 2017 में उसने बहावलपुर मस्जिद में भारी मात्रा में भीड़ को संबोधित करते हुए पुठानकोट और नगरोटा हमले की जिम्मेदारी ली थी। असगर ने भीड़ से वादा किया था कि वह कुछ ही महीनों में पठानकोट से भी बड़ा हमला करेगा।

# उत्तर कोरिया के तानाशाह किम यो जॉन्ग की हालत गंभीर

## बहन ने बताया कोविड के दौरान उन्हें क्या हुआ है...

बीजिंग, 11 अगस्त (एजेंसियां)। किम जॉन्ग उन की बहन ने बताया है कि उत्तर कोरिया के नेता को हाल ही में फैले कोरोना संक्रमण के दौरान बहुत तेज बुखार आया है. लेकिन किम जॉन्ग उन की बहन ने लेकिन कहा है कि अगर दक्षिण कोरिया के अधिकारी प्रोपगेंडा लीफलेट्स को सपोर्ट करना जारी रखेंगे तो वो उन्हें मिटा देंगी. उत्तर कोरिया का मानना है कि दक्षिण कोरिया से आने वाले पर्चों के कारण ही उत्तर कोरिया में कोविड फैला है. ब्लूमबर्ग के अनुसार, इस दावे को दोहराते हुए किम जॉन्ग उन की बहन किम यो जॉन्ग ने आरोप लगाया कि दक्षिण कोरिया की ठपुतलियां गुब्बारों के जरिए सीमा पार गंदी वस्तुएं भेजती हैं और इसके साथ पर्चे भी भेजे जाते हैं. किम यो जॉन्ग का अपने भाई की तबियत खराब होने के बारे में बताया उत्तर कोरिया के लिए



बहुत विरला है क्योंकि यह देश अपने नेता के बारे में कभी कोई कमेंट नहीं करता. उत्तर कोरिया के नेता के बारे में यह जानकारी शायद यह दिखाने के लिए साझा की गई हो कि वो अपनी जनता के संघर्षों को साझा करते हैं. किम यो जॉन्ग ने अपने एक भाषण में कहा कि उत्तर कोरिया के नेता की तबियत बुखार की वजह से बहुत खराब है. उन्होंने कहा, फिर भी मेरा भाई एक पल के लिए चैन से नहीं लेटा क्योंकि उसे अपने लोगों की चिंता है. उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि क्या उनके भाई उनमें से एक हैं, जिन्हें नॉर्थ कोरिया बुखार के मामले कहता है या उसकी बीमारी की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है. बेहद वज़नी और सिगरेट पीने वाले किम जॉन्ग उन की तबियत के बारे में कई सालों से कयास लगाए जा रहे हैं. उनके परिवार में दिल की बीमारी का इतिहास है. पिछले महीने किम जॉन्ग 17 दिन तक अपने देश की मीडिया की नज़रों से भी गायब रहे. हालांकि कई बार गर्मियों के दिन में वो अपने समुद्र किनारे घर में जाते हैं और अपनी मेगायॉट पर छुट्टियां बिताते हैं. बुधवार को उन्होंने सत्ताधारी पार्टी की एक मीटिंग की थी जिसमें उन्होंने क्वारेंटीन की बड़ी लड़ाई पर जीत की घोषणा की थी.

# कुलदीप बिश्नोई पर सोनाली फोगाट का तंज

## ट्वीट कर लिखा- जब शेरनी दो कदम पीछे हट जाए तो इसका मतलब ये नहीं वो डर गई



हिसार, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कुलदीप बिश्नोई की राजनीतिक विरोधी भाजपा नेत्री सोनाली फोगाट ने एक बार फिर से उन पर तंज कसा है। हालांकि 4 अगस्त को कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने के बाद सोनाली फोगाट खुलकर उनके विरोध में नहीं बोल रही, लेकिन अब सोनाली ने ट्वीट किया है कि जब शेरनी दो कदम पीछे जाती है तो इसका मतलब ये नहीं होता वो डर गई। इसका मतलब है वो ओर खूंखार हो गई है और शिकार करने वाली है। सोनाली का यह ट्वीट उसके समर्थकों में जोश पैदा करने वाला है। वहीं कुलदीप समर्थक उसके इस ट्वीट पर तंज कस रहे हैं। एक समर्थक ने जवाब दिया कि शेरनी तो हमें दिख नहीं रही है पर शेर हमें जरूर दिख रहा है और शेर दहाड़ रहा है। उस दहाड़ की वजह से बिल्लियां भाग गईं और आपने भी देख लिया होगा शेर का रुप दिल्ली में किस तरह शेर का स्वागत एवं एंट्री हुई थी। सोनाली फोगाट आदमपुर विधानसभा क्षेत्र से कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। कुलदीप की सीएम से मुलाकात और भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं पर सोनाली ने कई ट्वीट किए और आदमपुर की समस्याओं का समाधान खुद करवाने का श्रेय लिया, लेकिन 2 अगस्त को आदमपुर विधानसभा से इस्तीफा देने और कांग्रेस छोड़ने के बाद पार्टी के निर्देश पर सोनाली कोई कमेंट नहीं कर रही।

# आरजेडी गलत पार्टी लगे तो पलट सकते हैं, नीतीश कुमार के फैसले पर एकनाथ शिंदे कैंप

मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। नीतीश कुमार के बतौर बिहार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद शिवसेना के विद्रोही खेमे के नेता दीपक कासरकर ने दावा किया है कि नया गठबंधन सिर्फ एक फेज है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक चरण है। मेरा मतलब नीतीश कुमार की आलोचना करने का नहीं है। वह एक वरिष्ठ राजनेता हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की अच्छी सेवा की है। लेकिन अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने गलत पार्टी चुनी है तो वह अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सकते हैं। यह अभूतपूर्व नहीं है।" आपको बता दें कि बिहार में इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार चला रही थी। नीतीश कुमार इसके मुखिया था। उन्होंने बीजेपी पर उनकी पार्टी को तोड़ने का आरोप लगाकर अपनी राह



अलग कर ली। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथियों के साथ महागठबंधन बनाकर 8वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ ही तेजस्वी यादव भी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बने हैं। भाजपा नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा था कि उनकी पार्टी और जद (यू) के बीच मतभेद मुख्यमंत्री की देश का उपराष्ट्रपति बनने की इच्छा के कारण हो सकते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार ने उनके आरोपों को खारिज करते हुए इसे मजाक करार दिया है। नीतीश कुमार ने कहा, क्या मज़ाक है? मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। क्या वे भूल गए कि हमारी पार्टी ने उनके राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति उम्मीदवार का कितना समर्थन किया? हम चुनाव खत्म होने का इंतजार कर रहे थे और फिर हमने अपनी बैठक बुलाई।"

# केरल में धौंस जमाने का अनोखा ट्रेंड

## 700 रु. में कांस्टेबल और 2560 रुपए में दारोगा इसके अलावा 33100 में पूरा थाना मिलेगा



तिरुवनंतपुरम, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शौक बड़ी चीज है और जब साख भी जुड़ जाए तो क्या ही कहने। बात शादी की हो तो खर्चों की भी ज्यादा फिक्र नहीं रहती। शादी, बर्थडे या शूटिंग किसी भी निजी कार्यक्रम के लिए आप पुलिस को किराए पर ले सकते हैं। दिन भर के लिए वर्दीधारी कांस्टेबल आपको सिर्फ 700 रुपए में मिल जाएगा। आप सब इंस्पेक्टर और सीओ को भी किराए पर ले सकते हैं। केरल पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अधिकारी कहते हैं यह नीति नई नहीं है।

**थाना भी किराए पर**

इस नीति के तहत फिल्मों की शूटिंग के लिए थाने को भी किराए पर लिया जा सकता है। कई पुलिस वाले सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर इस नीति का विरोध कर रहे हैं। केरल पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सनी जोसेफ कहते हैं, डीजीपी और गृह विभाग को हमने इस नीति को बंद करने के लिए याचिका दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीपी सदानंदन ने कहा- पहले से प्रावधान है कि आयोजकों से तय फीस लेकर शूटिंग, मेलों आदि कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी नियुक्त किए जाते हैं। इस मामले ने तब तूल पकड़ा जब कुन्नूर के के. अंसार ने अपनी बेटी की शादी में वीआईपी सुरक्षा के नाम पर 2800 रुपए देकर दिनभर के लिए 4 कॉन्स्टेबल किराए पर लिए। खास बात यह है कि शादी में कोई वीआईपी आया ही नहीं था।

### सिख कैदियों की रिहाई को लेकर 13 अगस्त को प्रदर्शन करेगी एसजीपीसी

चंडीगढ़, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में बंदी सिखों की रिहाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई को लेकर स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. एसजीपीसी के नेतृत्व में सिख संगतें 13 अगस्त को पूरे राज्य में जिला स्तरीय प्रदर्शन करेंगी. एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने बुधवार को बताया कि 13 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे जिला उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे और इस दौरान शिरोमणि समिति के सदस्य और कर्मचारी काली पगड़ी पहनकर भाग लेंगे. धामी ने कहा कि देश की आजादी में 80 फीसदी से ज्यादा कुर्बानी सिखों ने दी।

# मुसलमानों पर ऐक्शन नहीं, आरोप लगा महंत नदी में कूदने निकले

**समर्थकों ने पुलिस को पीटा**



गाजियाबाद, 11 अगस्त (एजेंसियां)। गाजियाबाद के नंदग्राम थाने पर बुधवार रात जमकर हंगामा हुआ। हिंडन विहार स्थित बालाजी धाम के महंत मछेन्द्रनाथ पुरी ने समर्थकों के साथ बुधवार रात जमकर हंगामा किया। कुछ विवादों में मुलमानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए नंदग्राम थाने पर धरना देने के महंत ने हिंडन नदी में कूदने का ऐलान कर दिया। रोके जाने पर महंत के समर्थकों पुलिस पर ही हमला कर दिया। इसमें 2 सिपाही घायल हुए, इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ दी गई। इसके बाद पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा, आत्महत्या की कोशिश और पुलिस पर हमला करने का केस दर्ज कर महंत मछेन्द्रपुरी समेत 17 लोगों को किया गिरफ्तार कर लिया है। महंत का आरोप है कि उनके समर्थक को अगवा करने समेत तीन घटनाओं में नंदग्राम पुलिस ने दूसरे समुदाय के आरोपियों का पक्ष लिया और पीड़ित को रातभर थाने में बैठाने के बाद सुबह रिश्वत लेकर छोड़ा। महंत ने दो सिपाहियों के निलंबन और एसएचओ को हटाने के साथ-साथ हिंडन विहार के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। महंत ने समर्थकों के साथ थाने पर धरना दिया। बताया जा रहा है कि यहां उन्होंने खुद पर पेट्रोल पर छिड़का, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद वह देर रात मंदिर गए और फिर यहां से हिंडन नदी में कूदकर जान देने का ऐलान कर दिया। पुलिस ने जब उनका रास्ता रोका तो समर्थकों ने हमला कर दिया।

**और क्या लगाया आरोप**

नंदग्राम थानाक्षेत्र के हिंडन विहार स्थित बालाजी धाम के महंत मछेंद्रनाथ पुरी ने कहा कि मोहननगर के अर्थला निवासी राहुल कुमार के पास 28 जुलाई की रात करीब साढ़े उनके दोस्त बिट्टू का फोन आया। बिट्टू ने बताया कि हिंडन विहार में कार सवारों ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी है। वह तुरंत मौके पर पहुंचे तो कार सवार युवक बिट्टू को पीट रहे थे। विरोध करने पर कार सवार युवक राहुल और उसके दोस्त को अगवा करके हिंडन विहार ले गए। वहां आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर राहुल की चेन लूट ली। पुलिस पीसीआर के सायरन की आवाज सुनकर वह जान बचाने के लिए भागे।

**हिंदू प्लान कर रहे हैं, हमने भी मंदिर पर ताला लगा दिया**

नंदग्राम थाने पर धरने के दौरान महंत मछेन्द्रनाथ पुरी ने कहा कि तमाम जगहों पर हिंदू समाज के लोग पलायन कर रहे हैं। ऐसी ही स्थिति नंदग्राम थाना क्षेत्र में पैदा हो गई है। इसलिए वह मंदिर पर ताला लगाकर थाने पर धरना देकर बैठ गए हैं। उन्होंने थाने के दो सिपाहियों को निलंबित करने और एसएचओ को थाने से हटाने की मांग की। सीओ द्वितीय आलोक दुबे का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है। दोषी मिलने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022

# शिक्षा आवश्यक तो पुस्तकालय अति आवश्यक


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

प्रत्येक शिक्षा केंद्र में पुस्तकालय ज्ञान का मुख्य स्रोत कहलाते है। पुस्तकालय जीवन का अभिन्न भाग है, जो मनुष्य के शिक्षा के प्रथम चरण से जीवन के अंत तक अविरत साथ निभाते है और सच्चे मार्गदर्शक बनकर प्रगति पथ पर अग्रसर होने हेतु सतत प्रोत्साहित करते है। पुस्तकालय जीवन कौशल की सुविधा प्रदान कर सीखने के अवसर पैदा करते हैं, साक्षरता और शिक्षा का समर्थन करते हैं, नए विचारों और दृष्टिकोणों को आकार देकर रचनात्मक और अभिनव समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्कृति का समर्थन कर स्वस्थ समुदायों का निर्माण करते है, जिज्ञासा और आलोचनात्मक सोच को भी बढ़ावा देते है। छात्रों में वांछनीय अध्ययन की आदतों का समर्थन करते है। पुस्तकालय वास्तव में शिक्षण और सीखने की प्रक्रियाओं का ही भाग है। विश्व के प्रत्येक क्षेत्र के संसाधनों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करके, पुस्तकालय पाठकों को तथ्यों से अवगत कराने में मदद करते है। केवल एक चीज जिसे आपको पूरी तरह से जानना है, वह स्थान है पुस्तकालय। दुनिया में पुस्तकालय की खोज से सुखद कुछ भी नहीं है। सदियों से चली आ रही शिक्षा, सूचना, इतिहास और सच्चाई का संग्रह करने वाले पुस्तकालय गलत सूचना के खिलाफ महत्वपूर्ण रक्षक हैं। पुस्तकालय में व्यय करना ज्ञान को बढ़ाने का सबसे उत्तम जरिया है। देश में पुस्तकालय विज्ञान के जनक माने जाने वाले पद्मश्री डॉ एस आर रंगनाथनजी की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 12 अगस्त को ₹राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस₹ बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। देश के माननीय मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन्ना ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर स्कूल व कॉलेज में पुस्तकालय और खेल का मैदान हों, जिससे छात्रों का विकास हो सके। किताब पढ़ना एक अच्छी आदत है क्योंकि यह बच्चों के मन में एक छाप छोड़ेगी जबकि खेल खेलने से बच्चों में खेल भावना बढ़ेगी। किसी भी स्कूल या कॉलेज की स्थापना के लिए पुस्तकालय का होना अनिवार्य है, परन्तु इस नियम का पालन कोई नहीं कर रहा है। यही हाल खेल के मैदान का है। यह एक गंभीर समस्या है तथा सरकारों ने इस मुद्दे को हल करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकारों को गांवों में पुस्तकालयों को बहाल कर उनके लिए अनुदान प्रदान करना चाहिए। साहित्यकार और लेखकों ने भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम सहित दुनिया भर में कई संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, कई भारतीय स्वतंत्रता सेनानी जब जेलों में बंद थे तो खूब पढ़ते और लिखते थे। देश के पुस्तकालयों में तज्ञ कर्मचारियों की भारी कमी है और दूसरी तरफ इस क्षेत्र में कुशल उच्च शिक्षित वर्ग में बेरोजगारी चरम पर है। इस क्षेत्र का एक विशेषज्ञ ही पुस्तकालय में योग्य प्रबंधन और पाठकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकता है लेकिन देश के कई राज्यों के स्कूलों, कॉलेज, सार्वजनिक पुस्तकालयों और अन्य विभागों में बरसो से नई कर्मचारी भर्ती नहीं हो रही है। केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आर्मी स्कूल की भांति अन्य शिक्षा संस्थान लगातार तज्ञ कर्मचारियों की भर्ती नहीं करते है। कर्मचारी सेवानिवृत्त होते रहते है लेकिन नये कर्मचारी नहीं आते, कई स्थानों पर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों भरोसे पुस्तकालय चल रहे हैं, कई पुस्तकालय में कार्यरत कर्मचारी अल्प वेतन भोगी है और उन्हें कई बार महीनों तक वेतन भी नहीं मिलता है। एक तरफ हम शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं और दूसरी तरफ पुस्तकालयों के विकास की अनदेखी कर रहे हैं। इन पुस्तकालयों में पाठकों के लिए अत्याधुनिक संसाधन देखना तो दूर बुनियादी पुस्तकालय सेवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। देश के हजारों पुस्तकालय अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं अर्थात कई पुस्तकालय पर्याप्त निधी और बेहतर प्रबंधन की कमी के कारण खत्म होने के कगार पर हैं, कई पुस्तकालयों में पाठकों के लिए पर्याप्त मेज, कुर्सियां, पंखे, रोशनी, पीने का पानी, शौचालय, बिजली भी नहीं है और पुस्तकालय भवन की खिड़कियां, दरवाजे, दीवारें कमजोर हो गई हैं। बारिश में छत से पानी टपकता है। पुस्तकालय भवन जर्जर हालत में है। नतीजतन, कीमती किताबों को अपूरणीय क्षति का सामना करना पड़ता है। बेशकीमती पांडुलिपियां धूल की मोटी परत से ढके हुए हैं। कई पाठक सार्वजनिक पुस्तकालयों की तुलना में निजी पुस्तकालयों को पसंद करते हैं। पुस्तकालय शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है, यह सुविधा नहीं बल्कि छात्रों की एक बुनियादी आवश्यकता है, इसे पूरा करने के लिए भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल पुस्तकालयों की स्थापना की आवश्यकता को पहचानने की सख्त आवश्यकता है। आरटीई अधिनियम 2010 की धारा 19 भारत के प्रत्येक स्कूल में एक पुस्तकालय की स्थापना का समर्थन करती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 21.9% स्कूल बिना किसी पुस्तकालय के हैं। यूनेस्को की भारत देश के लिए शिक्षा रिपोर्ट 2021 की स्थिति के अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में कुल 19% या 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। विशेष शिक्षा, संगीत, कला और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की उपलब्धता के बारे में कोई जानकारी नहीं है और स्कूल पुस्तकालयों और सूचना संचार प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढांचे के प्रावधान बहुत कम हैं। 70% छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। हमें स्कूल में 11 लाख से अधिक योग्य शिक्षकों की जरूरत है। देश में सार्वजनिक पुस्तकालय का बुनियादी ढांचा जर्जर स्थिति में है और सबसे अधिक उपेक्षित और कम वित्तपोषित है। 2011 की जनगणना के अनुसार, प्रत्येक 11,500 लोगों के लिए एक ग्रामीण पुस्तकालय और 80,000 से अधिक लोगों के लिए एक शहरी पुस्तकालय है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ लाइब्रेरी एसोसिएशंस एंड इंस्टीट्यूशंस (आईएफएलए) मानकों के अनुसार, प्रत्येक 3000 लोगों के लिए एक सार्वजनिक पुस्तकालय होना चाहिए और इस प्रकार आज भारत को 5,00,000 से अधिक सार्वजनिक पुस्तकालय इकाइयों की आवश्यकता है। विदेशों में पुस्तकालयों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्चुअल पुस्तकालयों का नेटवर्क हर जगह फैला हुआ है और पुस्तकालय सेवा में प्रति व्यक्ति बड़ी मात्रा में धन खर्च किया जाता है। सार्वजनिक पुस्तकालयों पर प्रति व्यक्ति व्यय संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 35.96 डॉलर है। 'संयुक्त राज्य में सार्वजनिक पुस्तकालय' पर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2013 के लिए, सार्वजनिक पुस्तकालयों पर कुल परिचालन व्यय डॉलर 10.9 बिलियन था, और संग्रह पर डॉलर 1.2 बिलियन खर्च किया गया था। औसतन प्रति 1,000 लोगों पर पुस्तकों की संख्या 2541.9 थी। हम इसकी तुलना में अत्यंत पिछड़े हुए दिखते हैं। हम पुस्तकालय में प्रति व्यक्ति सेवा के लिए धन का 1 प्रतिशत भी खर्च नहीं करते हैं। हमारे देश के आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे केंद्रीय संस्थानों के पुस्तकालय या कुछ बड़े निजी संस्थानों के पुस्तकालय विकसित नजर आते हैं। जिस प्रकार नगर अब एक महानगर का रूप ले रहे है, बढ़ती जनसंख्या के अनुसार, शहर बढ़ रहे हैं उस हिसाब से पुस्तकालयों की संख्या नहीं बढ़ रही है। यह जरूरी है कि सरकार और संस्थान इस गंभीरता को जल्दी समझें। प्रत्येक जिले में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का पुस्तकालय होना चाहिए जिससे उस जिले के सभी कस्बों और गाँवों के सभी पुस्तकालय इससे पूर्णतया जुड़े हों ताकि हर गांव के पाठकों को गांव में ही अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय की सुविधा संसाधन साझाकरण और इंटरनेट द्वारा मिल सकेगी और हर गाँव में, शहर के हर वार्ड में, पुस्तकालयों की स्थापना होनी चाहिए। केंद्र और राज्य दोनों सरकारें आगे आकर पुस्तकालयों के संबंध में विभिन्न आयोगों, समितियों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों और मानकों की सिफारिशों को संशोधित और स्वीकार करके स्थिति को सुधारने के लिए नियमित रूप से कर्मचारी भर्तियां व वित्त पोषण साबित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

## राष्ट्रमंडल खेल में पदकों की बौछार

हाल ही में संपन्न बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के खिलाड़ियों ने जिस तरह से देश का नाम रोशन किया है उसकी आज पूरी दुनिया कायल हो गई है। कडी मेहनत के बल पर अपने खिलाडियों ने साबित कर दिया कि वे किसी से कम नहीं हैं। अपने खिलाडियों ने बाईस स्वर्ण पदक जीत कर भारत को चौथे स्थान तक पहुंचा दिया है जो गर्व की बात है। खेल के आखिरी दिन भी भारत ने स्वर्ण पदक जीत कर नए इतिहास की रचना की। बैडमिंटन, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और कुश्ती जैसे खेल में उपलब्धियां इतनी दमदार रहीं कि दुनिया देखती ही रह गई। बैडमिंटन की तो जितनी तारीफ की जाए वह कम है! हैदराबाद की गोल्डन गर्ल पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने तो स्वर्ण पदक जीते ही, सात्विक साइराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक कब्जा कर भारतीय बैडमिंटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। पीवी सिंधु की यह उपलब्धि इसलिए भी यादगार मानी जा सकती है कि उनका यह पदक देश का दो सौ वां स्वर्ण पदक बन गया। सिंधु की सबसे बडी उपलब्धि तो यह रही कि उसने 2014 में चैंपियन रही मिशेल को हरा कर अपना पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू और कुश्ती में साक्षी मलिक ने अपना झंडा बुलंद कर देश का नाम रोशन कर दिया। मुक्केबाजी में निकहत जरीन, नीतू गंघास और कुश्ती में विनेश फोगाट ने स्वर्ण पदक जीत कर बता दिया कि खेल की दुनिया में भारत की बेटियों के आगे अब कोई टिकने वाला नहीं है। देखने की बात यह है कि इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में दिग्गज खिलाड़ियों ने तो देश का मान बढ़ाया ही, उन नवोदित खिलाड़ियों ने भी पदक तालिका में जगह बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिनके बारे में हम ज्यादा नहीं जानते तक नहीं थे। साथ ही उन खिलाड़ियों ने भी एक नया रास्ता दिखाया जिन्होंने अपनी शुरुआत तो किसी और खेल से की थी, लेकिन बाद में खेल को बदल लिया। मिसाल के तौर पर मणिपुर की बिंदिया ने 2008 से 2012 तक ताइक्वांडो में हाथ आजमाया था, पर बाद में भारोत्तोलन को चुना और इस बार रजत पदक जीतकर नई उम्मीदें जगा दीं। झारखंड की राजधानी रांची की लवली चौबे पहले धाविका थीं, लेकिन बाद में लान बाल्स में कदम रखा और तीन साथियों के साथ इस बार स्वर्ण पदक जीत कर करिश्मा कर दिया। मिजोरम के उन्नीस साल के जेरेमी लालरिननुंगा ने राष्ट्रमंडल खेल में पहली बार में ही भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीत सबको हैरान कर दिया। जबकि छह साल की उम्र से ही उन्होंने मुक्केबाजी का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था। और पंजाब की हरजिंदर कौर को कैसे भूला जा सकता है जिन्होंने शुरुआत तो कबड्डी से की थी, लेकिन बाद में भारोत्तोलन को चुना और इस बार कांस्य जीता। इन सभी खिलाड़ियों ने इस बात की मिसाल कायम की है कि दूसरे किसी खेल का चुनाव करके भी उसमें सुनहरा भविष्य बनाया जा सकता है। इसके अलावा टेबल टेनिस में चालीस साल के अचंता शरत कमल ने सोलह साल बाद स्वर्ण जीत कर साबित कर दिया कि खेल में उम्र कहीं आड़े नहीं आती। पदकों के लिहाज से देखें तो भारत इस बार बाईस स्वर्ण पदकों सहित इकसठ पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा है। जबकि पिछली बार गोल्डकोस्ट में आयोजित खेलों में छब्बीस स्वर्ण पदकों सहित कुल छियासठ पदक जीत तीसरे स्थान पर था। याद किया जाना चाहिए कि 2010 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने अड़तीस स्वर्ण पदक सहित एक सौ एक पदक जीते थे और दूसरे स्थान पर रहा था। खेलों में हमारी यह उपलब्धि संतोषजनक ही नहीं, बल्कि काबिले तारीफ कही जाएगी। साथ ही यह सवाल भी रहेगा कि आखिर कमी कहां रह जाती है कि हम शीर्ष को नहीं छू पाते। अब वक्त आ गया है कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाए।

## लोटाबाबू


डॉ. सुरेश कुमार

समय के साथ बैठने वाली चीज़ों के नाम बदलते हैं, लेकिन होड़ जस की तस बनी रहती है। फिर चाहे राजा-महाराजा के जमाने का सिंहासन हो या फिर आजकल की कुर्सी। हर कोई बैठने के लिए कुछ न कुछ चाहता ही है। बैठने का सिलसिला इतना तूल पकड़ चुका है कि लोग अब एक-दूसरे को गिराने पर आमदा हो चुके हैं। हमारी सोसायटी में एक साहब रहते हैं। कई सालों तक सोसायटी के अध्यक्ष बने रहे। इनकी कुटिलनीति, कुर्सीलोलुपता के चलते सोसायटी के दो फाड़ हो गए। एक फाड़ हमेशा अध्यक्ष पर चढ़ा रहता। उन्हें भला-बुरा कहता। अध्यक्ष थे कि हाथी चले बाजार कुत्ते भौंके हजार के मानिंद भली-बुरी बातों को एक कान से सुनते दूसरे कान से निकाल देते। इस फाड़ से उस फाड़ और उस फाड़ से इस फाड़ लुढ़कने के चलते सबने उनका नाम लोटाबाबू रख दिया। लोटाबाबू भी ऐसे कि कब पलटी मार जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। लोटाबाबू की शिष्यता करने वाले एक-दो चेले चपाटों ने एक दिन मजाक-मजाक में पूछ लिया कि आप कुर्सी को लेकर इतने संवेदनशील क्यों रहतेहैं? हर घड़ी हर समय यहाँ तक कि नींद में भी कुर्सी-कुर्सी कहते हुए बड़बड़ाते रहते हैं। आखिर इस कुर्सी में ऐसी क्या खास बात है जो आपको इसका नाम ले-लेकर बड़बड़ाने पर मजबूर करता है? पढ़े-लिखे चेले-चपाटों के मुँह से यह सवाल सुनकर अध्यक्ष का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। उन्होंने कहा - कुर्सी फायदे की हो तो बैठने का मजा ही कुछ और होता है। वैसे राजनीति में लोग खड़े ही बैठने के लिए होते हैं। कुर्सी से उतर जाओ तो एक दिन भी एक युग सा और बैठ जाओ तो पाँच साल भी पाँच मिनट सा लगता है। बड़ी गजब की चीज है बच्चू! लोग फालतू में शराब को बदनाम करते हैं, जो नशा कुर्सी में है वह किसी में नहीं है। बिना पिलाए मदहोश करने की ताकत है इसमें। प्यार का नशा किसी से प्यार करने तक होता है। प्यार टूट जाए तो किसी ओर में ढूँढ़ा जा सकता है। मोह का नशा उम्र के साथ बदलता रहता है। बचपन में कोई, जवानी में कोई और बुढ़ापे में कोई। इसलिए प्यार और मोह जैसी बातों से स्वयं को दूर रखना चाहिए। ये मनुष्य को कमजोर बनाती हैं। धन-दौलत का नशा, सम्मान का नशा, खुद को दूसरों से ऊँचा दिखाने का जंबो पैक नशा सिर पर छा जाए तो बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। भ्रष्ट बुद्धि के लिए सही पता कुर्सी तक पहुँचना होता है। कुर्सी की माया बड़ी विचित्र होती है। उस पर बैठने वाले को अपना बुरा भी अच्छा लगने लगता है। सच्चाई झूठ, सफेद काला और रात दिन सा लगने लगता है। अध्यक्ष की बातें सुन चेले-चपाटों ने कहा – अब हम कुर्सी पर तो नहीं हैं। फिर क्या करें? उन्होंने कहा – बेटा! कुर्सी अपने आप चलकर नहीं आती। उसके पास पहुँचना पड़ता है। पहुँचने के लिए चलना, दौड़ना या कूदने की जरूरत नहीं पड़ती। दूसरों को गिराना पड़ता है।

बुरा सोचना पड़ता है। कुर्सी पर बैठने वाले की गलती पर खुशियाँ मनाना पड़ता है। बाहर-भीतर अलग-अलग सा रहना पड़ता है। घड़ियाली आँसू बहाना पड़ता है। बिन बुलाई बारातों में जाना पड़ता है। जमाने भर की गालियाँ देने वाले को गले लगाना पड़ता है। गधे को बाप बनाना पड़ता है। कहीं पर निगाहें और कहीं पर निशाना लगाना पड़ता है। दुनिया तुम्हें लाख भला-बुरा कहे, खुशी-खुशी उनके सामने हाथ जोड़कर झुकना पड़ता है।

## स्वाधीनता के बाद हम क्या वास्तव में स्वतंत्र हुए हैं


संजीव ठाकुर

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है। वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया। वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए। संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया। हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा। केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है। गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है। हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा। यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है। भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है। जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है। इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है। जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं। 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैं। हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है। भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है। संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही है। सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है। आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है। भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के 75 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है। हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है। महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है। पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है।

## हिंसा की ओर प्रवृत्त होता समाज


मनोज कुमार अग्रवाल

गाजियाबाद में लिव इन पार्टनर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लिव इन में रह रही प्रेमिका ने प्रेमी की गला काटकर हत्या कर दी।वहीं एक अन्य वारदात में एमपी के राजगढ़ के एक पति ने पहले पत्नी का पैंतीस लाख का बीमा कराया और बाद में बीमा की रकम हासिल करने के लिए पत्नी की हत्या कर दी। एक अन्य वारदात में मेरठ के एक पिता ने नाबालिग बेटी के एक जिम ट्रेनर से अफेयर का पता चलने पर बेटी को जहर का इंजेक्शन लगवाने की सुपारी दे दी। मेरठ के ही नौचंडी थाना क्षेत्र में एक दामाद ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर सम्पत्ति कब्जाने के लिए अपनी सास और मासूम सौतली बेटी की हत्या कर दी। मथुरा के थाना कोसीकला में एक तीन बच्चों की मां ने पर पुरुष के साथ सम्बन्ध के चलते अपने पति को पैट्रोल डाल कर जला दिया। नई दिल्ली के त्रिलोकपुरी में 21साल के तुषार की मोहल्ले के ही नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। नई दिल्ली के ही मोतीनगर क्षेत्र में पडोसी ने ही चाकू मारकर 25साल के बलराम का कत्ल कर दिया। नागपुर में एक दम्पति ने अपनी नाबालिग लड़की की जादू टोना करते हुए पीट पीट कर हत्या कर दी। वहीं गाजियाबाद के ही गरीमा गार्डन की निवासी नफीसा ने अपनी ही बेटी अमरीन की तकीए से दम घोंट कर हत्या कर दी। ये सारी घटनाएं पिछले 48 घंटों के भीतर सामने आई हैं। इस तरह की वारदातों की झड़ी लगी है जिसमें प्रेमी प्रेमिका पति पत्नी मां बाप बच्चों दोस्तों और पड़ोसी के बीच छोटे छोटे मतभेदों पर खूनी वारदातें की जा रही है। ये वारदातें आम समाज में अपराध के प्रति बढ़ते रूझान का आइना है अब पुलिस हैरान हैं कि हत्या जैसे गंभीर अपराध को आम नागरिक चुटकियो में अंजाम दे रहे हैं ये वह लोग हैं जो अपराध से कोसों दूर जिंदगी जीते आ रहे हैं इनका कोई अपराधिक इतिहास भी नहीं होता है इस के बावजूद गैर पेशेवर अपराधी समाज के भीतर सभ्य व कानून व्यवस्था को मानने वाले लोग भी हत्या जैसी वारदातों को पेशेवर अपराधियों की तर्ज पर अंजाम दे रहे हैं। यह आज के अपराध का नया वर्जन माना जा सकता है। ऐसे में सवाल उठ रहा कि आखिर समाज में यह हिंसक प्रवृत्ति क्यों पनप रही है? इसके लिए कौनजिम्मेदार है।? एक गर्लफ्रेंड ने ऐसा क्यों किया? एक पति ने ऐसा क्यों किया? एक पिता ने अपनी ही आंगन की फुलवारी को क्यों मार डाला,? पहले इन संगीन वारदातों पर एक नजर डालें आरोप है कि प्रेमी की हत्या करने वाली प्रेमिका प्रीती शर्मा जब ट्रॉली बैग में प्रेमी फिरोज का शव ठिकाने लगाने जा रही थी तो पुलिस ने उसको रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया गया है कि प्रीती शर्मा अपने पति से चार साल पहले अलग हो गई थी इसके बाद से वह 23 वर्षीय फिरोज के साथ लिव इन में रह रही थीं।पुलिस रविवार देर रात टीला मोड के पास अपनी रूटीन चेकिंग कर रहे थे कि इसी दौरान देखा कि प्रीती ट्रॉली बैग लेकर जा रही थी। महिला कांस्टेबल ने जब की जांच की तो पता चला कि बैग में प्रेमी का शव है। प्रीती ने पुलिस को बताया कि वो फिरोज से शादी करना चाहती थीं। वो बार-बार विवाह करने से इनकार कर रहा था। जब कि वह फिरोज के लिए अपने पति को छोड़ चुकी थीअब फिरोज चार साल लिव इन में रहने के बाद शादी से मना कर रहा था और जब फिरोज ने कहा कि तू अपने पति की नहीं हुई मेरी क्या होगी तो महिला का इकबाल जबाव दे गया और उसने फिरोज के ही उस्तरे से फिरोज की गर्दन काट डाली लाश को ट्राली बैग में रखकर ट्रेन में छोड़ने के लिए निकली और पुलिस के हत्थे चढ़ गई। उधर एमपी के राजगढ़ जिले के कुरावर थाना इलाके के माना जोड़ में 26 जून को पूजा मीणा नाम की एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महिला के पति ने उसका 35 लाख रुपये का बीमा कराया था, आरोपी पति बद्रीप्रसाद मीणा पर करीब 40 से 50 लाख रुपये का कर्ज था उसने कर्ज से छुटकारा पाने के लिए अपनी ही पत्नी की 5 लाख रुपये में सुपारी देकर हत्या करा दी।अब पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। मेरठ के पललवपुरम में एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को अस्पताल के स्टाफ को सुपारी देकर जहर का इंजेक्शन लगवा दिया लेकिन डाक्टर की सजगता से मामले की पोल खुल गई और लड़की को बचा लिया गया। पिता व नर्स वार्डब्वाय जेल की हवा खा रहे हैं। ये सभी वारदातें समाज में आपसी संबंधों में पनपती हिंसक व्यवहार को इंगित करती हैं। इन बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति का विश्लेषण कर समाज के मनोविज्ञान में आ रहे हिंसक व्यवहार पर गंभीर शोध करने की जरूरत है ताकि इस के पीछे छिपे कारणों की पड़ताल कर उनके निराकरण के लिए समुचित प्रयास किया जाए।

## बांग्लादेश को बचाए भारत


डॉ. वेदप्रताप वैदिक

श्रीलंका और पाकिस्तान की विकट आर्थिक स्थिति पिछले कुछ माह से चल ही रही है और अब बांग्लादेश भी उसी राह पर चलने को मजबूर हो रहा है। जिस बांग्लादेश की आर्थिक प्रगति दक्षिण एशिया में सबसे तेज मानी जा रही थी, वह अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने पाकिस्तान की तरह झोली फैलाने को मजबूर हो रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भी ढाका का खाली चक्कर लगा लिया लेकिन इस समय बांग्लादेश इतने बड़े कर्ज में डूब गया है कि 13 हजार करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने के लिए उसके पास कोई इंतजाम नहीं है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ताइवान के मसले पर चीन को मक्खन लगाने के लिए कह दिया कि वह 'एक चीन नीति' का समर्थन करता है लेकिन वांग यी ने अपनी जेब जरा भी ढीली नहीं की।

अंतरराष्ट्रीय कर्ज चुकाने और विदेशी माल खरीदने के लिए हसीना सरकार ने तेल पर 50 प्रतिशत टैक्स बढ़ा दिया है। रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम कम से कम 10 प्रतिशत बढ़ गए हैं।

लोगों की आमदनी काफी घट गई है। कोरोना की महामारी ने बांग्लादेश के विदेश व्यापार को भी धक्का पहुंचाया है। बांग्ला टका यानी रुपया का दाम 20 प्रतिशत गिर गया है। इस देश में 16-17 करोड़ लोग रहते हैं लेकिन टैक्स भरनेवाले की संख्या सिर्फ 23 लाख है। इस साल तो वह और भी घटेगी। अभी तक ऐसा लग रहा था कि पूरे दक्षिण एशिया में भारत के अलावा बांग्लादेश ही आर्थिक संकट से बचा है लेकिन अब वहां भी श्रीलंका की तरह जनता ने बगावत का झंडा थाम लिया है। ढाका के अलावा कई शहरों में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

इसमें शक नहीं कि विरोधी नेता इन प्रदर्शनों को खूब हवा दे रहे हैं लेकिन असलियत यह है कि श्रीलंका और पाकिस्तान की तरह बांग्ला जनता भी अपने ही दम पर अपना गुस्सा प्रकट कर रही है। बांग्लादेश की मदद के लिए उससे गाढ़ी मित्रता गांठनेवाला चीन भी दुबका हुआ है लेकिन शेख हसीना की सही सहायता इस समय भारत ही कर सकता है। पिछले 30 साल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान ने 12 बार, श्रीलंका ने 6 बार और बांग्लादेश ने सिर्फ 3 बार कर्ज लिया है। भारत ने इन तीन दशकों में उससे कभी भी कर्ज नहीं मांगा है। भारत के पास विदेशी मुद्रा कोष पर्याप्त मात्रा में है। वह चाहे तो पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को अराजकता से बचा सकता है। इस समय इन देशों को धार्मिक आधार पर अपना परिवार बताने वाले कई मुस्लिम और बौद्ध राष्ट्र भी कन्नी काट रहे हैं। ऐसी विकट स्थिति में भारत इनका त्राता सिद्ध हो जाए तो वह पूरे दक्षिण और मध्य एशिया के 16 राष्ट्रों को एक वृह्द परिवार में गूंथने का काम कर सकता है।

# विश्व धरोहर में शामिल हुआ हजार खंभों वाला रामप्पा मंदिर





रुद्रेश्वर मंदिर वारंगल की हनमकोंडा पहाड़ी पर स्थित है।इस मंदिर के निर्माण के दौरान बेहतर नक्काशी और उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। इस मंदिर का प्रभावशाली प्रवेशद्वार, हजार विशाल खम्भे और छतों के शिलालेख आकर्षण केंद्र हैं।

हैदराबाद तेलंगाना में स्थित काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा मंदिर) मंदिर विश्व धरोहर में शामिल किया गया है। रविवार को यूनेस्को ने ऐलान किया कि भारत के तेलंगाना में स्थित काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर को विश्व धरोहर स्थल के रूप में शामिल किया जा रहा है।

वारंगल स्थित यह शिव मंदिर इकलौता ऐसा मंदिर है, जिसका नाम इसके शिल्पकार रामप्पा के नाम पर रखा गया। काकतीय वंश के महाराज ने इस मंदिर का निर्माण 12वीं सदी में करवाया था। खास बात यह है कि इस दौर में बने ज्यादातर मंदिर खंडहर में तब्दील हो चुके हैं, लेकिन कई प्राकृतिक आपदाओं के बाद भी इस मंदिर को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा है। यह शोध का विषय भी रहा है।

**हैदराबाद तेलंगाना में स्थित काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा मंदिर) मंदिर विश्व धरोहर में शामिल किया गया है। रविवार को यूनेस्को ने ऐलान किया कि भारत के तेलंगाना में स्थित काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर को विश्व धरोहर स्थल के रूप में शामिल किया जा रहा है।**

मंदिर के इतिहास की बात की जाए तो इसका निर्माण काकतिय नरेश राजा रूद्र देव ने 1163 में करवाया था।

इस मंदिर के निर्माण के दौरान बेहतर नक्काशी और उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। इस मंदिर का प्रभावशाली प्रवेशद्वार, हजार विशाल खम्भे और छतों के शिलालेख आकर्षण केंद्र हैं। हज़ार स्तंभो वाला मंदिर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और दक्षिण भारत के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है।

**शिव, श्रीहरि और सूर्य देवता को समर्पित है ये मंदिर**

वारंगल का रुद्रेश्वर का एक मात्र ऐसा मंदिर है जो एक तारे के आकार का बना है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां एक ही छत के नीचे तीन देवताओं की मूर्तियां स्थापित है। जिसमे शिव और विष्णु के साथ सूर्य देवता शामिल है। इसलिए इसे 'त्रिकुटल्यम' भी कहते हैं।

**विश्व धरोहर में शामिल हुआ हजार खंभों वाला ये शिव मंदिर; यहां मौजूद हैं श्रीहरि और सूर्य देवता**

आम तौर पर महादेव और श्री हरि के साथ ब्रह्मा की ही पूजा होती है। लेकिन यह ऐसा इकलौता मंदिर हैं जहां ब्रह्मा की जगह सूर्य देवता विराजमान हैं।

# रात के वक्त बाल और नाखून क्यों नहीं काटे जाते?





हिंदू धर्म में कई मान्यताएं हैं। धर्म को मानने वाले लोग इनका खास ध्यान रखते हैं। इन्हीं मान्यताओं में से एक है रात के वक्त में बाल और नाखूनों का न काटना। शायद आप भी रात में बाल और नाखून नहीं काटते होंगे। बड़े बुजुर्ग ऐसा करने से मना करते हैं। लेकिन कभी आपने सोचा है कि आखिर ऐसा क्यों होता है। बाल और नाखून रात में क्यों नहीं काटे जाते हैं। आपको बता दें कि इसके पीछे धार्मिक मान्यताएं तो हैं ही लेकिन एक वैज्ञानिक कारण भी है। आइए बताते हैं।

### ये है धार्मिक वजह

हिंदू धर्म में ऐसा माना जाता है कि रात के वक्त बाल और नाखून नहीं काटने चाहिए। ये मान्यता है कि रात में बाल और नाखून काटने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं। इसी वजह से धर्म को मानने वाले लोग और घर के बुजुर्ग रात के वक्त बाल और नाखून काटने के लिए मना करते हैं।

### क्या है वैज्ञानिक कारण?

रात में बाल और नाखून न काटने के पीछे वैज्ञानिक वजह भी है। दरअसल, रात में हम लोग कई जरूरी काम जैसे खाना-पीना, टहलना और सोते हैं। ऐसे में कटे हुए बाल इधर-उधर झड़ जाते हैं। इससे कई बार बाल खाने-पीने के सामान में गिर जाते हैं। ये हमारी तबियत बिगाड़ सकते हैं। इसके साथ ही बालों की वजह से गंदगी और बैक्टीरिया भी फैलते हैं। यही कारण है जिस वजह से रात में बाल नहीं काटे जाते।

### बाल न काटने की सामान्य वजह



रात को बाल और नाखून न काटने के ये नियम काफी पहले बनाए गए थे। उस वक्त घरों में लाइट की अच्छी व्यवस्था नहीं हुआ करती थी। लोगों को रात में बड़ी मुश्किल से थोड़ी रोशनी का प्रबंध करना पड़ता था। इसलिए बाल और नाखून जैसे काम सूर्य अस्त से पहले ही करने का नियम था। क्योंकि अंधेरे में कैंची का इस्तेमाल करने से चोट लगने की संभावना होती थी। इसलिए हमारे बुजुर्गों ने इस काम को रात में करने से मना कर दिया।

# एक बार चढ़ जाए 'कालसर्प दोष' तो करना पड़ता है कई सालों तक कड़ा संघर्ष




कालसर्प योग सबसे अशुभ योगों में से एक कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को लेकर अलग अलग मत है। कालसर्प योग 2 पाप ग्रहों से मिलकर बना हुआ है, जिन्हें राहु और केतु कहा जाता है। बता दें कि राहु को ज्योतिष शास्त्र में एक प्रमुख ग्रह कहा गया है। ये भम्र और जीवन में अचानक होने वाली घटनाओं का कारक भी कहा जाता है। ये शुभ और अशुभ दोनों तरह के फल प्रदान करता है। कालसर्प दोष की स्थिति में ये मनुष्य से ज्यादा संघर्ष करवाता है। केतु को मोक्ष शोध आदि का कारक कहा जाता है। केतु जब कुंडली में मजबूत होता है तो व्यक्ति रिसर्च आदि में विशेष सफलता हासिल कर लेता है। कालसर्प दोष कुंडली में होने पर ये हर कार्य में बाधा प्रदान करता है। राहु केतु के मध्य जब सभी ग्रह आ जाते हैं तो कालसर्प दोष की स्थिति बन जाती है। राहु केतु को एक सर्प के बराबर कहा गया है। जिस प्रकार सर्प की जकड़ से निकल पाना कठिन होता है उसी प्रकार जब कालसर्प योग बनता है तो उसे सालों साल संघर्ष से जूझना पड़ता है, तब कहीं जाकर उसे सफलता मिलती है।

मेष और तुला राशि पर वर्तमान वक़्त में राहु और केतु विराजमान हुए है। इसलिए इन राशि वालों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस दौरान इन राशि वालों को जीवन में अचानक धन की हानि, जॉब में परेशानी और सेहत संबंधी दिक्कतों को भी झेलना पड़ता है। राहु केतु के अशुभ प्रभाव बचने के लिए कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना बहुत ही ज्यादा जरुरी है। राहु केतु को शुभ रखने के लिए नशा आदि से दूर रहना चाहिए। बुरी संगत का त्याग करना चाहिए। भगवान शिव और गणेश जी की पूजा करने से इन ग्रहों की अशुभता दूर हो जाती है।

# बिल्व पत्र के बिना अधूरी मानी जाती है शिव पूजा





बिल्व पत्र शिव पूजा में अनिवार्य रूप से चढ़ाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि अगर कोई व्यक्ति जल के साथ बिल्व पत्र शिवलिंग पर चढ़ाता है तो उसे शिव जी की कृपा बहुत जल्दी मिल सकती है। इस तरह शिव पूजा करने वाले भक्त की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं।

ध्यान रखें अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या और रविवार को बिल्व पत्र नहीं तोड़ना चाहिए। इन दिनों में बाजार से खरीदकर बिल्व पत्र शिवलिंग पर चढ़ा सकते हैं।

शिवलिंग पर चढ़ाए गए बिल्व पत्र बासी नहीं माने जाते हैं। एक ही बिल्व पत्र को बार-बार धोकर अगले दिन फिर से पूजा में चढ़ाया जा सकता है।

शिवपुराण में बिल्व वृक्ष को शिव जी का ही रूप बताया गया है। इसे श्रीवृक्ष भी कहते हैं। श्री देवी लक्ष्मी का ही एक नाम है। इस कारण बिल्व की पूजा से लक्ष्मी जी की कृपा भी मिलती है। इस वृक्ष की जड़ों में गिरिजा, तने में महेश्वरी, शाखाओं में दक्षायनी, पत्तियों में पार्वती, फूलों में गौरी और फलों में देवी कात्यायनी वास करतीं हैं। इसी वजह से इस वृक्ष का पौराणिक महत्व काफी अधिक है।

### बिल्व पत्र के सेवन से दूर हो सकती हैं कई बीमारियां

उज्जैन के आयुर्वेदिक कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर डॉ. राम अरोरा (एमडी) के मुताबिक बिल्व पत्र के नियमित सेवन से हमारे शरीर में वात, पित्त और कफ नियंत्रित रहते हैं। बिल्व पत्र पाचक होते हैं। पेट की गैस खत्म हो सकती है।

बिल्व पत्र में पोटेशियम, फास्फटिक, लौह फास्फेट, कैल्शियम कार्बोनेट, आदि तत्व होते हैं। बिल्व पत्र वातनाशक होते हैं। इसके उपयोग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी संतुलित होती है।

# भूलकर भी घर की इस दिशा में ना रखे सिलबट्टा

**सिल बट्टे को कभी भी लेटाकर नहीं रखना चाहिए। हमेशा उसे खड़ा हुआ रखना चाहिए और दोनों को एक साथ रखना चाहिए।**



सिलबट्टे का इस्तेमाल पहले के समय में काफी किया जाता था, हालांकि आजकल इसकी जरूरत नहीं है। आजकल लोग मशीनों का इस्तेमाल करते हैं हालाँकि कई घरों में इसके बावजूद सिलबट्टा पाया जाता है। अगर आपके घर में भी सिलबट्टा है तो ध्यान रखे कि उसे किस दिशा में रखें और इससे जुड़े वास्तु टिप्स क्या हैं।

सिलबट्टे से जुड़े वास्तु टिप्स- ध्यान रहे कि सिलबट्टा का काम कूटना और पीसना है और इसके चलते इसे भूल कर भी ईशान कोण यानी कि उत्तर पूर्व दिशा में ना रखें। जी हाँ, आप इसे पश्चिम या दक्षिण दिशा में रख सकते हैं। गलत दिशा में रखने से घर में नकारात्मकता आ सकती है।

* ध्यान रहे अगर आप लकड़ी का सिलबट्टा इस्तेमाल कर रहे हैं तो सिलबट्टा नीम की लकड़ी का बना होना चाहिए। जी दरअसल नीम के अंदर कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो सेहत को कई समस्याओं से दूर रख सकते हैं। इसी के साथ वास्तु शास्त्र के अनुसार, नीम का सिलबट्टा इस्तेमाल करने से पॉजिटिविटी आती है और शरीर तंदुरुस्त रहता है।

* सिलबट्टे पर नमक जरूर पीसना चाहिए और अगर आप पीसे नमक का इस्तेमाल करते हैं तो एक बार सिलबट्टे को नमक के पानी से जरूर धोएं। क्योंकि ऐसा करने से ना केवल घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है बल्कि नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है।

* कहा जाता है कभी भी टोटा सिलबट्टा अपने घर में नहीं रखना चाहिए क्योंकि इससे घर में नकारात्मकता आती है। इसके अलावा सिलबट्टे को कभी भी गंदा नहीं छोड़ना चाहिए। ध्यान रहे जब आपका काम हो जाए तो उसके बाद सिलबट्टे को धोकर रख देना चाहिए।

# भीष्म ने अपने भाई के विवाह के लिए तीन बहनों का कर लिया अपहरण

## स्वयंवर स्थल पर राजाओं ने उड़ाया भीष्म का मजाक

**स्वयंवर स्थल पर यह दृश्य देख उपस्थित राजाओं ने भीष्म का मजाक उड़ाया और हंसते हुए कहा कि भीष्म ने तो आजीवन ब्रह्मचर्य की प्रतिज्ञा ले ली थी,फिर बाल सफेद होने और झुर्रियां पड़ने पर यह बूढ़ा लज्जा छोड़कर यहां क्यों आया है।**

विचित्र वीर्य के युवा होने पर उनके विवाह की विचार किया गया। तभी भीष्म को सूचना मिली कि काशी नरेश अपनी तीन कन्याओं के विवाह के लिए स्वयंवर कर रहे हैं। बस फिर क्या था, माता सत्यवती की आज्ञा लेकर वह अकेले ही काशी की ओर चल पड़े। वहां पर उपस्थित राजाओं का एक-एक कर परिचय दिया जा रहा था। ऐसे में शांतनु नंदन भीष्म को बूढ़ा देख सुंदर कन्याएं घबरा के आगे बढ़ गईं।

### सभीष्म ने सभी राजाओं को दी युद्ध की चुनौती

## एक ने क्या कहा जो उसे छोड़ दिया



इतना सुनते ही भीष्म क्रोधित हो गए और अपने भाई के लिए तीनों कन्याओं का बलपूर्वक हरण कर अपने रथ पर बिठा लिया। न्होंने काशी नरेश समेत सभी राजाओं को चुनौती देते हुए कहा कि वह मैं तुम लोगों के सामने कन्याओं का हरण कर रहा हूं। तुम लोग पूरी ताकत लगाकर युद्ध में मुझे जीत लो या फिर हारकर भाग जाओ। इतना बोल कर भीष्म वहां से तीनों कन्याओं को लेकर चल पड़े।

### राजाओं ने स्वीकार की चुनौती

भीष्म की इसी बात से चिढ़कर सभी राजा ताल ठोंकते हुए भीष्म पर टूट पड़े। बड़ा ही रोमांचकारी युद्ध हुआ। सब राजाओं ने मिलकर एक साथ दस हजार बाण चलाए तो भीष्म ने अकेले ही सबको काट डाला। उन्होंने बाणों की बौछार कर भीष्म को रोकना चाहा, किंतु भीष्म के आगे किसी की भी एक न चली।

### भीष्म ने तीनों कन्याएं विचित्र वीर्य को सौंपी

भीष्म ने हस्तिनापुर आकर तीनों कन्याएं विचित्रवीर्य को समर्पित कर विवाह का आयोजन किया तो काशी नरेश की बड़ी कन्या अम्बा ने कहा कि हे भीष्म मैं पहले ही मन ही मन राजा शल्व को अपना पति मान चुकी हूं और मेरे पिता की भी इसमें सहमति है। मैं स्वयंवर में उन्हें ही चुनती। आप तो धर्मज्ञ हैं अब आप ही बताइए मैं क्या करूं। इस पर भीष्म ने विद्वानों की सलाह पर अम्बा को जाने की अनुमति दी और अम्बिका तथा अम्बालिका से विचित्र वीर्य के साथ विवाह करा दिया।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले इंडियन नेवी से मिले सलमान खान : जवानों के साथ बनाई रोटियां, पुश-अप्स लगाए और तिरंगा भी फहराया



एक्टर सलमान खान ने स्वतंत्रता दिवस से पहले हाल ही में भारतीय नौसेना के साथ कुछ क्वालिटी टाइम स्पेंड किया। जिसकी कुछ फोटोज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सलमान अपने बिजी शेड्यूल में से कुछ समय निकाल कर नौसेना के बीच पहुंचे थे। वायरल फोटोज में सुपरस्टार सलमान रोटी बनाते, कैप पर ऑटोग्राफ देते, फोटोज के लिए पोज देते और नौसेना के जवानों के साथ फन एक्टिविटीज में भाग लेते नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खान प्लेन व्हाइट शर्ट, ब्लैक जींस और नेवी कैप पहने हुए थे। सलमान खान ने नेवी के अधिकारियों के साथ खूब मस्ती की। इतना ही नहीं सलमान ने नेवी ऑफिसर्स के साथ 'टग ऑफ वॉर' गेम खेला, पुश अप्स लगाए, डंबल्स उठाए, डांस किया और तरह-तरह की एक्सरसाइज में भाग भी लिया। इसके अलावा सलमान ने ऑफिसर्स के साथ तिरंगा फहराया और हमारे बलों की देशभक्ति और साहस की सराहना भी की। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर-3' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके अलावा कटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के अलावा भी सलमान की कई फिल्में आने वाली हैं। वे 'कभी ईद कभी दीवाली', 'नो एंट्री 2', 'किक 2' और साउथ सुपरस्टार की 'गॉडफादर' में भी दिखाई देंगे।

## अक्षरा सिंह से मिले 'लाइगर' स्टार विजय देवरकोंडा, भोजपुरी अंदाज में बात करते देख फैंस हुए दीवाने



विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की पैन इंडिया फिल्म 'लाइगर' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। ऐसे में विजय देवरकोंडा फिल्म का प्रमोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में वह पटना प्रमोशन के लिए पहुंचे थे, तो अब वह भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ भोजपुरी में बात करते नजर आए। अक्षरा ने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजय देवरकोंडा से मुलाकात का वीडियो साझा किया है। वीडियो में अक्षरा और विजय बड़े ही मजेदार अंदाज में बात करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, एक दिन पहले अक्षरा ने विजय के साथ अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा था, 'हमारा पटना में मिलना रह गया था पर अब आखिरकार मुलाकात हुई।' इसके बाद अब अक्षरा ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'नशा बिहार का छाया इस कदर...वैसे बिहार, यूपी का बच्चा बच्चा राउडी है आपकी तरह।'

**भोजपुरी में कहा आई लव यू**

वीडियो की शुरुआत में अक्षरा सिंह पूछती हैं, 'विजय कैसे हैं आप?' इस पर विजय कहते हैं, 'बहुत अच्छा हूं।' अक्षरा कहती हैं कि हाल ही में पटना में घटना करके आए हो, मतलब एकदम बवाल, गर्दा उड़ा कर आए हो अपने राउडी अंदाज में, तो आप बिहार और यूपी के अपने फैंस को क्या कहना चाहते हैं। इस पर विजय अक्षरा से भोजपुरी में उन्हें आई लव यू सिखाने के लिए कहते हैं और फिर कहते हैं, 'हम तोहरा से बहुत प्यार करीला।' विजय का भोजपुरी अंदाज में बात करना फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। इस फिल्म से विजय देवरकोंडा बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं, तो अनन्या पांडे साउथ में डेब्यू कर रही हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर और गानों को दर्शकों का बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है। दर्शक अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

## मलाइका अरोड़ा से शादी करने के लिए तैयार नहीं हैं अर्जुन, बोले- अभी मैं करियर पर फोकस करना चाहता हूं




बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर हाल ही में करण जौहर के फेमस चैट शो 'कॉफी विद करण 7' में नजर आए। शो में वो अपनी बहन सोनम कपूर के साथ पहुंचे। वहीं शो में करण ने अर्जुन से उनकी प्रोफेशनल लाइफ से लेकर पर्सनल लाइफ तक कई सवाल किए। साथ ही करण ने अर्जुन से यह भी पूछा कि वो गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा से कब शादी करने का प्लान कर रहे हैं। इसके जवाब में अर्जुन ने कहा कि उनका अभी शादी करने का कोई प्लान नहीं है। अर्जुन कहते हैं, 'ईमानदारी से कहूं तो अब कोरोना और लॉकडाउन के करीब दो साल हो गए हैं और जो कुछ भी हुआ उसके बाद मैं अब अपने करियर पर फोकस करना चाहता हूं।'अर्जुन आगे कहते हैं, 'मैं बहुत रियलिस्टिक पर्सन हूं। ऐसा नहीं है कि मुझे कुछ छिपाने की जरूरत है और अगर ऐसा होता तो मैं यहां नहीं बैठा होता। मैं वास्तव में प्रोफेशनली थोड़ा और स्टेबल होना चाहता हूं। मैं फाइनेंशियली बात नहीं कर रहा हूं। मैं इमोशनली रूप से बात कर रहा हूं। मैं काम करना चाहता हूं, जो मुझे खुशी देता है। क्योंकि अगर मैं खुश हूं तो मैं अपने पार्टनर को भी खुश रख सकूंगा। उसके बाद ही मैं एक खुशहाल जीवन जी सकता हूं। मुझे लगता है कि मेरी बहुत सारी खुशी मेरे काम से आती है।'

अर्जुन ने शो में बताया, 'मलाइका मेरी दादी से मिल चुकी हैं। मैंने अपने परिवार और करीबियों को इस रिलेशनशिप के बारे में बताने में काफी समय लिया था, क्योंकि अपनी फैमिली, एक्स हसबैंड अरबाज खान के परिवार और पब्लिक को इसे बताना जिम्मेदारी भरा काम था और हम इसे लेकर बहुत सेंसिटिव थे।'

**2019 में किया था रिलेशनशिप का ऐलान**

अर्जुन और मलाइका कई सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अर्जुन ने 2019 में सोशल मीडिया पोस्ट पर ही अपने रिलेशनशिप की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की थी। मलाइका एक्टर, प्रोड्यूसर के तौर पर इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। उन्होंने 20 साल की उम्र में ही काम शुरू कर दिया था और फिल्म 'दिल' से के गाने छैया-छैया से रातों रात स्टार बन गई थीं।

## 'रक्षाबंधन' के प्रमोशनल इवेंट में भूमि पेडनेकर ने ग्लैम लुक से उड़ाए होश



अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रक्षा बंधन' का जमकर प्रचार कर रहे हैं। उनकी ऑनस्क्रीन बहनों के साथ ही अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी प्रमोशन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही हैं। अब जबकि 11 अगस्त 2022 को 'रक्षा बंधन' सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले के प्रमोशनल इवेंट में अक्षय समेत पूरी टीम भी शामिल हुई लेकिन अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपने ग्लैमरस लुक से सारी लाइम लाइट लूट ली है।

**ग्लैमरस लुक से भूमि पेडनेकर ने लूटी महफिल**

बात करें 'रक्षा बंधन' की तो आनंद एल रॉय के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी में भाई बहनों का अटूट प्यार की दिखाया गया है। फिल्म में अक्षय कुमार की चार बहनों का किरदार सादिया खतीब, स्मृति श्रीकांत, शाहजमीन कौर, दीपिका खन्ना निभा रही हैं। वहीं भूमि पेडनेकर के साथ अक्षय की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। इससे पहले दोनों फिल्म 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' में नजर आए थे, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था।

अक्षय कुमार की 'रक्षा बंधन' सिनेमाघरों में 11 अगस्त को रिलीज हो रही है। यह फिल्म एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। इससे पहले दोनों फिल्म 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' में नजर आए थे, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा अक्षय की चार बहनें इस फिल्म में नजर आएंगी, जिनका नाम सादिया खतीब, स्मृति श्रीकांत, शाहजमीन कौर, दीपिका खन्ना है।

## तापसी और अनुराग की फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर मचा बवाल, ट्रेंड हुआ #'कैन्सल दोबारा'






जहां अनुराग कश्यप दोबारा के साथ एक नए तरह के मिस्ट्री ड्रामा लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, वहीं फिल्म ने रिलीज से काफी पहले ही लोगों के सिर चढ़ना शुरू कर दिया है. फिल्म पहले ही दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है और हाल ही में निर्देशक-अभिनेता की जोड़ी अनुराग कश्यप और तापसी पन्नू भी मेलबर्न के लिए रवाना हो गए हैं, जहां फिल्म मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होने वाली है. वहीं, विश्व स्तर पर अपने पैर जमाने के बाद, फिल्म अब भारत में #'कैन्सल दोबारा' के साथ नेटिज़न्स के बीच धूम मचा रही है. जबकि फिल्म के निर्देशक और मुख्य अभिनेत्री से बॉलीवुड में फिल्मों के बहिष्कार के बारे में पूछा गया, उन्होंने दर्शकों से उनकी अगली फिल्म का बहिष्कार करने का आग्रह किया. दर्शकों ने इसे अपने ऊपर ले लिया और सोशल मीडिया पर इसे #'कैन्सल दोबारा' नाम से ट्रेंड करना शुरू कर दिया है. निर्देशक अभिनेता की जोड़ी ने बहिष्कार के ट्रेंड का स्वागत करते हुए देखा है, जिसने इसे सोशल मीडिया पर एक चर्चा का विषय बना दिया है. इस ट्रेंड को हवा देते हुए नेटिज़न्स पोस्ट करते नज़र आए. अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनीत, यह फिल्म प्रशंसित निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और शोभा कपूर और एकता आर कपूर की कल्ट मूवीज़ द्वारा निर्मित है, जो बालाजी टेलीफिल्म्स और सुनीर खेतरपाल और गौरव बोस (एथेना) के तहत एक नया विंग है. इस तरह से दोबारा 19 अगस्त 2022 को अपने आस-पास के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

## हुमा कुरैशी का नहीं देखा होगा इतना बोल्ड अंदाज, कयामत की शोखियों ने दिल लूट लिया



**बॉलीवुड एक्ट्रेस** हुमा कुरैशी इन दिनों अपने तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है. उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती नहीं कि वायरल हो जाती हैं. लोग एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए बेसब्र रहते हैं. हुमा कुरैशी के बोल्ड अंदाज का हर कोई दीवाना है. हुमा कुरैशी ने इतने कम समय में दर्शकों के दिलों में अपने लिए एक खास जगह बना ली है. आज वो जब भी पर्दे के सामने आती हैं तो सबके होश उड़ा देती हैं. हुमा ने अब तक के अपने करियर में कई अलग-अलग किरदारों को पर्दे पर बखूबी निभाया है. हुमा कुरैशी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं. अब एक बार फिर हुमा कुरैशी की ताजा तस्वीरें सामने आई हैं. जिसमें वह ब्लैक कलर की ड्रेस में भी नजर आ रही हैं. इस तस्वीर में हुमा बेहद बोल्ड लग रही हैं. अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। बता दें, हुमा कुरैशी का जन्म 28 जुलाई 1986 को हुआ था. अब वो एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस हैं. बता दें कि हुमा कुरैशी दिल्ली यूनिवर्सिटी के गार्गी कॉलेज से पढ़ी हुई हैं, उनके पास इतिहास सब्जेक्ट में डिग्री है. हुमा कुरैशी किसी फिल्मी नहीं बल्कि बिजनेसमैन परिवार से ताल्लुक रखती हैं. उनके पिता सलीम कुरैशी दिल्ली में कई रेस्त्रां के मालिक हैं.

## फिल्म 'भोला' के सेट पर घायल हुईं तब्बू, स्टंट करते हुए लगी चोट



अभिनेत्री तब्बू बुधवार को फिल्म 'भोला' के सेट पर घायल हो गईं। बता दें कि अजय देवगन की इस फिल्म में तब्बू एक निडर पुलिस अधिकारी का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग के दौरान स्टंट करते हुए वह चोटिल हो गईं। तब्बू की सीधी आंख के ऊपर माथे पर चोट आई है। अभिनेत्री बुधवार की सुबह फिल्म के सेट पर घायल हुई हैं। बता दें कि इस फिल्म में तब्बू अजय देवगन के साथ कई शानदार स्टंट करती नजर आएंगी। इस फिल्म में अजय देवगन भोला का किरदार निभा रहे हैं।

**सिर में लगा कांच का टूटा टुकड़ा**

सूत्रों के मुताबिक शूटिंग के दौरान एक्ट्रेस घने जंगल में ट्रक चला रही थीं। वहीं, मोटरसाइकिल पर सवार कुछ गुंडे इस ट्रक का पीछा कर रहे थे। बता दें कि यह फिल्म की शूटिंग का हिस्सा था। मगर, पीछा कर रही बाइक में से एक बाइक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस दौरान कांच का एक टुकड़ा टूटकर तब्बू को लग गया। उस दौरान तब्बू ट्रक में सवार थीं।

**बड़ा हादसा टला**

सूत्रों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि कांच का एक टुकड़ा उछलकर तब्बू की दाहिनी आंख के ठीक ऊपर लगा और अभिनेत्री को तुरंत खून बहने लगा। हालांकि, अच्छी बात यह रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। घायल होने के तुरंत बाद ही तब्बू को उपचार मिल गया। फिल्म के सेट पर मौजूद मेडिकल हेल्प के मुताबिक एक्ट्रेस को मामूली चोट आई है और जहां घाव लगा है, वहां पर टांके लगाने की जरूरत नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अजय देवगन ने तुरंत स्थिति को संभाला। उन्होंने एक्ट्रेस को आराम करने की सलाह दी है और ठीक होने की स्थिति तक छुट्टी दी है। आपको बता दें कि अभिनेत्री तब्बू 'भोला' से पहले फिल्म 'दृश्यम' में भी पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ चुकी हैं।

## विकास गुप्ता संग सीक्रेट रिलेशनशिप में थीं प्रत्युषा ! छह साल के करियर में किया शानदार काम

**पॉपुलर टीवी सीरियल 'बालिका वधू'** से घर-घर में पहचान बनाने वाली प्रत्युषा बनर्जी पिछले सप्ताह उनकी बर्थ एनिवर्सरी थी। अगर आज प्रत्युषा बनर्जी हम लोगों के बीच होतीं तो वह अपना 30वां जन्मदिन मना रही होतीं। लेकिन अभिनेत्री ने महज 24 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कहकर हर किसी को हैरान कर दिया था। 10 अगस्त 1991 को झारखंड के जमशेदपुर में प्रत्युषा बनर्जी का जन्म शंकर बनर्जी और सौम्या बनर्जी के घर में हुआ था। बेशक इस इंडस्ट्री में फैंस दिवंगत अभिनेत्री को आनंदी के नाम से जानते हैं लेकिन उन्होंने अपने छोटे से करियर में कई शानदार टीवी सीरियल और रियलिटी शोज करके अपनी एक खास पहचान बनाई थी।

**महज छह साल के करियर में किया शानदार काम**

प्रत्युषा बनर्जी हमेशा से एक अभिनेत्री बनना चाहती थीं और अपने इस सपने को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने साल 2010 में जमशेदपुर को छोड़कर मायानगरी मुंबई को ओर अपने कदम बढ़ा लिए थे। यहां पर अभिनेत्री अपनी किस्मत आजमाने आई थीं और वह सफल भी रहीं। मुंबई आने के बाद प्रत्युषा बनर्जी ने 2010 में ही टेलीविजन शो 'रक्त संबंध' से अपना डेब्यू किया। इसके बाद वह 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में भी नजर आईं। लेकिन उन्हें असली पहचान 'बालिका वधु' से मिली थी। आनंदी के रूप में अभिनेत्री को खूब प्यार मिला था। वह 'बिग बॉस', 'प्यार तूने क्या किया', 'सावधान इंडिया', 'स्वरागिनी', जैसे धारिवाहिकों में भी शानदार काम करती दिखी थीं। प्रत्युषा ने अपने छोटे से करियर में अच्छा खासा काम किया था।



**निजी जिंदगी में रही उथल-पुथल**

हालांकि, प्रत्युषा बनर्जी की निजी जिंदगी उनके करियर की तरह शानदार नहीं थी। मुंबई आने के बाद प्रत्युषा बनर्जी को व्यापारी मकरंद मल्होत्रा का साथ मिला। दोनों एक साथ रिलेशनशिप में थे। लेकिन दोनों का रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल पाया और दोनों अलग हो गए। इसके बाद साल 2015 में प्रत्युषा बनर्जी अभिनेता और निर्माता राहुल राज सिंह के साथ रिश्ते में आईं। प्रत्युषा राहुल से बहुत प्यार करती थीं। दोनों को एक साथ रियलिटी शो 'पावर कपल' में भी देखा गया था। इतना ही नहीं, प्रत्युषा राहुल से शादी भी करना चाहती थीं। हालांकि, जब प्रत्युषा ने आत्महत्या की तब अभिनेत्री के माता-पिता ने राहुल पर ही प्रत्युषा को अत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था।

प्रत्युषा बनर्जी का रिश्ता टीवी पर्सनैलिटी विकास गुप्ता के साथ भी रहा था, जिन्होंने साल 2020 में बायसेक्सुअल होने का खुलासा करके इंडस्ट्री में हंगामा मचा दिया था। हालांकि, जब प्रत्युषा और विकास के रिश्ते की रिपोर्ट्स सामने आई थीं तो लोगों ने इसे सिर्फ अफवाह समझी थी लेकिन साल 2021 में विकास ने एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने प्रत्युषा संग रिश्ते की बात कबूल की थी। विकास गुप्ता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जिन भी लड़कियों के साथ उनका रिलेशन रहा है उसमें एक प्रत्युषा बनर्जी भी है। हालांकि, कुछ ही समय में उनका ब्रेकअप हो गया था क्योंकि कई लोगों ने प्रत्युषा को विकास के लिए भड़का दिया था।






# भाई-बहन से ज्यादा 'रक्षा बंधन' में दिखी दहेज प्रताड़ना की कहानी

**लेखक : हिमांशु शर्मा और कनिका ढिल्लों**
**निर्देशक : आनंद एल राय**
**निर्माता : जी स्टूडियोज, कलर येलो प्रोडक्शंस और केप ऑफ गुड फिल्म्स**




कास्ट- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब
डायरेक्टर- आनंद एल राय

**रक्षा बंधन** और 15 अगस्त के मौके पर दो बड़ी फिल्में- 'रक्षा बंधन' और 'लाल सिंह चड्ढा' रिलीज हो रही हैं। यहां 'रक्षा बंधन' फिल्म के रिव्यू पर बात करने से पहले बता दें कि सालों बाद किसी फिल्म का भव्य प्रीमियर रखा गया। थिएटर को फूलों से सजाने के साथ चाट, कुल्फी, गोलगप्पा, चाय-पान आदि का स्टॉल लगाकर शादी-विवाह और मार्केट का माहौल बनाने की सफल कोशिश की गई।

### क्या है फिल्म की कहानी?

फिल्म की कहानी के बारे में बात करें, तब लाला केदारनाथ (अक्षय कुमार) दिल्ली स्थित चांदनी चौक में गोलगप्पे की पुश्तैनी दुकान चलाता है। मान्यता है कि गर्भवती महिलाएं उसकी दुकान पर गोलगप्पे खाती हैं, तब लड़का पैदा होता है। इसके चलते गोलगप्पे खाने के लिए महिलाओं की लाइन लगती है। लाला केदारनाथ की चार बहने हैं, जो शादी योग्य हो चली हैं। जीवन के अंतिम समय में मां केदारनाथ से वचन लेती है कि वह बहनों के हाथ पीले करने के बाद ही घोड़ी चढ़ेगा। केदारनाथ मां को दिए वचन पूरा करने में लगा होता है, लेकिन मुश्किलें तब खड़ी हो जाती हैं, जब चार बहनों की शादी में लाखों की दहेज देने की समस्या सामने आती है। दूसरी तरफ सपना (भूमि पेडनेकर) बचपन से केदारनाथ को प्यार करती है। सपना के पिता (नीरज सूद) को बेटी की बढ़ती उम्र के साथ उसकी शादी चिंता सताती है। वह बार-बार पहले बेटी की शादी के लिए केदारनाथ पर दबाव डालता है, पर केदारनाथ मां को दिए वचन के मुताबिक सपना और उसके पिता से मोहलत मांगता रहता है। खैर, केदारनाथ जैसे-तैसे दहेज के लिए दुकान गिरवी रखकर बहन गायत्री (सादिया खतीब) की शादी करवाता है। बाकी बहनों की शादी में दहेज देने के लिए अपनी एक किडनी बेचकर रक्षाबंधन के दिन हॉस्पिटल से घर लौटता है, तब उसे खबर मिलती है कि दहेज से प्रताड़ित होकर गायत्री ने खुदकुशी कर ली। अब आगे बहनों की शादी का क्या होगा? लाला केदारनाथ घोड़ी चढ़ पाएगा या नहीं, रक्षाबंधन और दहेज कुप्रथा पर क्या होगा? यह सब जानने के लिए थिएटर जाना होगा।

### सभी एक्टर्स की एक्टिंग है दमदार

यहां सबसे पहले अभिनय और लेखन की बात करें, तो कहानी की शुरुआत में हाजिर जवाबी के साथ चुटीले संवाद गुदगुदाते-हंसाते और इमोशनल करते हैं। मंझे कलाकार अक्षय कुमार और भूमि पेंडेकर की अदाकारी हो या संवाद अदायगी मनोरंजक लगती है। सपना के पिता के रोल में नीरज सूद भी खूब जंचते हैं। मैच मेकर के रोल में सीमा पाहवा का स्क्रीन प्रजेंट अच्छा है। वहीं बहनों के रोल में न्यू कमर्स शाहजमीन कौर, दीपिका खन्ना, स्मृति श्रीकांत, सादिया खतीब आदि का अभिनय ठीक-ठाक रहा।

फिल्म के सबल पहलू एवं कमजोर पहलू की बात करें, तो भाई-बहन के प्यार और दहेज कुप्रथा का अच्छा मुद्दा उठाया गया है। ओवरऑल यह फिल्म हंसाती- गुदगुदाती और रुलाती भी है। वहीं कमजोर पहलू की बात करें, तो कहानी कुछ मोड़ पर निराश भी करती हैं। सबसे ज्यादा डिसअपॉइंटमेंट वहां होता है, जब केदारनाथ की सबसे प्यारी-दुलारी, समझदार बहन गायत्री दहेज से प्रताड़ित होकर खुदकुशी कर लेती है और उसकी पड़ोसन चीख-चीखकर भाई और पुलिसवालों के सामने बताती भी है कि गायत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पर न तो पुलिस कोई एक्शन लेती है और न ही भाई ही सबक सिखाता है। गले से बात यह भी नहीं उतरती कि किडनी निकाल कर लौटा केदारनाथ दर्द के मारे रिक्शेवाले से ठीक चलाने के लिए कहता है और दोस्त का सहारा लेकर घर पहुंचता है, पर बहन की बुरी खबर पाकर उसका दर्द छू-मंतर हो जाता है और वह दौड़ते हुए बहन के घर पहुंचता है। दहेज के लिए किडनी बेचना की बात कम ही रिलेट कर पाती है। वहीं सादिया का कम स्क्रीन स्पेस भी खलता है। समझ से परे यह भी रहा कि फिल्म का टाइटल 'रक्षा बंधन' है और पूरी फिल्म दहेज कुप्रथा पर बात करती है।

रेटिंग- कुल मिलाकर 'रक्षा बंधन' में भाई-बहन का प्यार, इमोशन, अक्षय कुमार का कॉमेडी अंदाज दर्शकों को लुभाएगा। रक्षा बंधन त्योहार और 15 अगस्त की छुट्टी बॉक्स-ऑफिस रिजल्ट इसके प्लस प्वाइंट भी है। खैर, सब कुछ देखते हुए इसे पांच में से तीन स्टार दिया जा सकता है।

# करीना कपूर ने किया ट्रोलिंग पर रिएक्ट:बोलीं- ये लोग सिर्फ भड़ास निकालना चाहते हैं; इसलिए मैं ट्विटर पर भी नहीं हूं




**बॉलीवुड एक्ट्रेस** करीना कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ट्विटर पर न होने की वजह बताई है। साथ ही उन्होंने फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को बायकॉट करने पर भी बात की है। उन्होंने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा है कि उन्हें ऐसे लोगों से फर्क नहीं पड़ता है।

करीना कहती हैं, 'हर दिन, कुछ न कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जिसके लिए हमें ट्रोल किया जाता हैं। इसलिए मैं ट्विटर पर भी नहीं हूं। मुझे ऐसा लगता है कि ये उन लोगों के लिए है जो सिर्फ अपनी भड़ास निकालना चाहते हैं। मैं अपने बच्चों, फैमिली और काम में बहुत बिजी हूं। मेरे पास इसके लिए समय नहीं है।' करीना ने फॉरेस्ट गंप के बारे में बात करते हुए कहा, 'कोई शख्स जो शायद अंग्रेजी नहीं बोल सकता है, वो फिल्म देखने जाएगा। ये स्टोरी के लिए उनका प्यार है, जो उन्हें ट्रेलर से पता चला है, न कि इसलिए कि ये एक हॉलीवुड फिल्म की रीमेक है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगु में भी डब किया जा रहा है, ताकि लोग इसे अपनी भाषा में देख सकें और फिल्म को एन्जॉय कर सकें। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। दुनिया में हर किसी ने फॉरेस्ट गंप नहीं देखी होगी।'

करीना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो जल्द ही आमिर खान के साथ फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' की हिंदी रीमेक है, जो 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वो अपनी ओटीटी फिल्म में भी नजर आएंगी, जिसका टाइटल फिलहाल तय नहीं किया गया है।

# टाइगर श्रॉफ को फिर से हुआ प्यार:आकांक्षा शर्मा को डेट कर रहे टाइगर?; कई म्यूजिक वीडियो में साथ कर चुके काम



**बॉलीवुड एक्टर** टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी 6 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, लेकिन हाल ही में दोनों अलग हो गए हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक अब टाइगर का नाम एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा से जुड़ा है। टाइगर-आकांक्षा कई म्यूजिक वीडियो में पहले साथ काम कर चुके हैं। हालांकि जब टाइगर से एक्ट्रेस को डेट करने के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।

आकांक्षा की बात करें तो उन्होंने मॉडल के तौर पर अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। साल 2020 में उन्होंने साउथ फिल्म 'त्रिविक्रम' से फिल्मों में डेब्यू किया। उन्होंने महेश बाबू और वरुण धवन जैसे सेलेब्स के साथ कई ऐड्स में भी काम किया है। आकांक्षा और टाइगर म्यूजिक वीडियो 'कैसेनोवा' में साथ नजर आ चुके हैं। इससे पहले दोनों ने म्यूजिक वीडियो 'आई एम अ डिस्को डांसर 2.0' में भी साथ काम किया था।

टाइगर ने अपने करियर की शुरुआत साल 2014 आई फिल्म 'हीरोपंती' से की है। इस फिल्म में उनके अपोजिट कृति सेनन थीं। उसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, जिनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट रहीं। टाइगर के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वो 'गणपत', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'रेम्बो' और 'बागी-4' जैसी फिल्मों में दिखाई देंगे। वो आखिरी बार 'हीरोपंती 2' में नजर आए थे।

# सोनाली बेंद्रे ने बॉडी-शेमिंग को लेकर किया बडा खुलासा

## 90 के दशक में पतले होने को अच्छा नहीं माना जाता था



सोनाली बेंद्रे 90 के दशक की खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं। सोनाली ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि कभी उन्हें भी बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। सोनाली ने बताया कि वो बहुत पतली हुआ करती थीं और 90 के दशक में इसे अच्छा नहीं माना जाता था। सोनाली ने बताया, 90 के दशक में पतला होना ब्यूटी स्टेंडर्ड नहीं माना जाता था। लेकिन अगर आप कर्वी फिगर वाले हैं तो आपको खूबसूरत माना जाता था। मुझे तो लोगों ने यहां तक कहा था कि अगर आपका फिगर कर्वी नहीं हैं, तो आप बिल्कुल अट्रैक्टिव नहीं हैं।

सोनाली ने आगे कहा, मैं इस बात को मानती हूं कि बॉडी शेमिंग हमारे समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए, खासकर उन छोटी लड़कियों के लिए जो आज के समय में इन विचारों के साथ आगे बढ़ रही हैं कि डाइटिंग करना जरुरी है। लोग यह भूलते जा रहे हैं कि यह कोई इतनी महत्वपूर्ण चीज नहीं है। बता दें, माधुरी दीक्षित ने भी बॉडी शेमिंग को लेकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि लोग उन्हें बोलते थे, 'मोटा करो इसको।'

सोनाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1994 में आई फिल्म आग से की थी। इस फिल्म में शिल्पा शेट्टी, गोविंदा और शक्ति कपूर भी थे। सोनाली को 1996 में दिलजले से ब्रेक मिला था। एक्ट्रेस ने अपने करियर में 'मेजर साब' (1998), 'जख्म' (1998), 'सरफरोश' (1999), 'हम साथ-साथ हैं' (1999) और 'हमारा दिल आपके पास है' (2000) जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

सोनाली 'इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज', 'हिंदुस्तान के हुनरबाज', 'इंडियाज गॉट टैलेंट' और 'इंडियन आइडल' जैसे कई टीवी शोज को जज कर चुकी हैं। सोनाली ने जी5 के शो 'द ब्रोकन न्यूज' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था। इसमें सोनाली के अलावा जयदीप अहलावत और श्रिया पिलगांवकर भी लीड रोल में थे।

# अदा शर्मा ने ऑटो वाले भैया को बांधी राखी:बोलीं- इन्ही की वजह से मुंबई में देर रात सेफ ट्रैवल करती हूं



आज पूरा देश रक्षाबंधन का त्योहार धूम-धाम से मना रहा है। ऐसे में बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने मुंबई में एक ऑटो वाले भैया को राखी बांध कर सुरक्षा वचन लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अदा कहती हैं कि मुंबई में लड़कियां देर रात में भी ऑटो से ट्रैवल करती हैं और इस शहर के ऑटो वाले भैया लोगों की वजह से ही वह सेफ ट्रैवल करती हैं।

# आमिर खान असम में मनाएंगे स्वतंत्रता दिवस

## सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने लाल सिंह चड्ढा की टीम को किया इनवाइट



**इस साल भारत** देश अपना आजादी का अमृत महोत्सव सेलिब्रेट कर रहा है। इसी मौके पर आमिर खान इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह असम में मनाएंगे। एक्टर को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसके साथ ही सीएम ने लाल सिंह चड्ढा की पूरी टीम को भी इनवाइट किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीएम सरमा का यह इनविटेशन अमिर और उनकी फिल्म की टीम ने स्वीकार कर लिया है। वह स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वाजारोहण समारोहम में भी शामिल होंगे। इसके अगले दिन यानी 16 अगस्त को सीएम अमिर खान और फिल्म की टीम के साथ लाल सिंह चड्ढा भी देखेंगे।

आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा रक्षाबंधन के मौके पर रिलीज हुई है। यह ऑस्कर विनर हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प की ऑफिशियल रीमेक है। इसमें अमिर के अलावा करीना कपूर, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म को रिलीज से पहले से ही सोशल मीडिया पर बायकॉट करने की भी मांग की जा रही थी। वहीं फिल्म को क्रिटिक और ट्रेड एनालिस्ट से ठीक-ठाक रिव्यू मिले हैं। आमिर की फिल्म के साथ अक्षय कुमार की रक्षा बंधन भी रिलीज हुई है। इन दोनों स्टार्स की फिल्मों का टकराव इस साल का सबसे बड़ा क्लैश है।

# लाल सिंह चड्ढा बन निखरे आमिर खान, रुला देगी पूरी होकर भी अधूरी रही ये प्रेम कहानी

**कलाकार : आमिर खान , करीना कपूर खान , नागा चैतन्य , मोना सिंह और मानव विज आदि।**
**निर्देशक : अद्वैत चंदन**
**निर्माता : वॉयाकॉम18 स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस**
**रेटिंग : 3.5/5**




पंजाब से आया एक बच्चा दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के सामने अपने परिवार के साथ फोटो खिंचा रहा है और पीछे से गोलियों के चलने की आवाजें आने लगती हैं। वापस अपने गांव जाने के लिए मां के साथ निकले इस बच्चे के सामने ही उसके ऑटोवाले को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया जाता है। मां अपने बच्चे को लेकर दुकानों की ओट में छिपी है और वहीं गिरे कांच के टुकड़े उठाकर अपने बेटे की 'जूड़ी' खोलकर उसके बाल काट देती है। ये 1984 का हिंदुस्तान है। देश में बीते 50 साल की घटनाओं को एक प्रेम कहानी के जरिये कैद करती आमिर खान की नई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' सोशल मीडिया के उन 'शूरवीरों' के निशाने पर आई फिल्म है जिन्हें किसी भी खान सितारे की फिल्म से चिढ़ है। फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हिंदी सिनेमा के सफर का एक प्रशंसनीय दस्तावेज है जिसे देख हर उस इंसान को रोना आ जाएगा, जिसने जीवन में एक बार भी मोहब्बत की है।

### अतुल कुलकर्णी का बनाया सांस्कृतिक आधार

फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' छह ऑस्कर जीतने वाली फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का आधिकारिक रीमेक है। लेकिन, जिन्होंने ओरिजनल फिल्म देखी है, उन्हें ये फिल्म अपनी मूल फिल्म से बेहतर नजर आएगी। यहां फिल्म का भारतीय संस्कृति और देश के इतिहास के हिसाब से अनुकूलन करने वाले अतुल कुलकर्णी ने गजब की संवेदनशीलता का परिचय दिया है। सबसे पहले तो उत्सुकता इसी बात को लेकर होती है कि अपने 'खास' बच्चे लाल का सामान्य स्कूल में एडमीशन कराने पहुंची उसकी मां क्या कुर्बानी देगी? शुरू के संवाद देख डर लगता है कि कहीं यहां भी तो ओरिजनल की तरह मां अपने बच्चे के लिए 'सौदा' तो नहीं कर बैठेगी, लेकिन अतुल कुलकर्णी ने पूरे दृश्य को जिस तरह भारतीय संवेदनाओं के साथ बदला है, वहीं से फिल्म के आगे की राह खुलती दिखने लगती है। लाल सिंह चड्ढा जिसे थोड़ा बुद्धू किस्म का बच्चा कहते हैं, वैसा है। दिमाग से कम और दिल से ज्यादा समझता है। ऐसे लोग अब भी 'बुद्धू' ही कहलाते हैं।

### हर कदम पर दिखा आमिर का अधिकार

आमिर खान की चार साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तां' का जब बॉक्स ऑफिस पर हश्र बुरा हुआ तो इल्जाम आमिर खान पर ये आया कि पूरी फिल्म तो उन्होंने अपने हिसाब से ही बनाई। आमिर अपनी फिल्मों के अघोषित निर्देशक होते हैं, ये बात सब जानते हैं। और, यहां फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' देखते समय भी ये बात बार बार याद आती रहती है कि आमिर इस फिल्म में सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि इसके निर्माता और अघोषित निर्देशक भी हैं। नाम फिल्म में अद्वैत चंदन का बतौर निर्देशक है, लेकिन फिल्म के हर फ्रेम पर छाप आमिर खान की है। कहानी बीते सदी के आठवें दशक से शुरू होकर अब तक आती है। बीच में भारत की क्रिकेट विश्वकप में मिली पहली जीत है, ऑपरेशन ब्लू स्टार है, इंदिरा गांधी की हत्या है, उनके अंतिम संस्कार में सुबकते राजीव गांधी हैं, बाबरी विध्वंस है, लाल कृष्ण आडवाणी की रथयात्रा है, मुंबई बम धमाके हैं, अबू सलेम और मोनिका बेदी की कथित प्रेम कहानी है और है वाराणसी के घाटों पर लिखा नारा, 'अबकी बार मोदी सरकार'।

### आमिर की अदाकारी का चमत्कार

कोई 50 साल बाद जब कोई हिंदी सिनेमा पर कुछ लिखेगा तो आमिर खान की गिनती उसमें ऐसे फिल्मकार के तौर पर करेगा जिसने परदे पर किरदार जैसा दिखने का हिंदी सिनेमा में चलन शुरू किया। यहां भी वह आमिर खान किसी कोने से नहीं दिखते। शुरू के दृश्यों में भले उनके किरदार में 'पीके' की झलक मिलती है और शाहरुख खान को भी जवान दिखाने के लिए उनके चेहरे पर 'फैन' जैसे स्पेशल इफेक्ट्स डाले गए हों, लेकिन एक बार लाल को अपना कमाल समझ आता है तो फिल्म का ग्राफ ही बदल जाता है।

### करीना कपूर का करिश्माई किरदार

फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को देखने के दौरान आसपास की सीटों पर बैठे लोग सुबकते महसूस होते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये फिल्म एक प्रेम कहानी है। लाल सिंह चड्ढा और रूपा डिसूजा की प्रेम कहानी। रूपा बचपन में ही लाल के घर रहने आ जाती है। दोनों साथ पढ़ने स्कूल जाते हैं। रूपा का हर काम लाल खुशी खुशी करता है। लेकिन, बचपन में 10 रुपये के लिए अपनी मां को खो देने वाली रूपा को अमीर बनना है। किसी भी तरह। वह मॉडल बनती है और मुंबई आकर हीरोइन बनने के 'दलदल' में ऐसा फंसती है जहां से निकलने के लिए उसे आत्महत्या ही एक मात्र रास्ता नजर आता है। दुबई में वह दाऊद जैसे दिखते शख्स को शराब परोसती नजर आती है। अबू सलेम जैसा दिखता डॉन उसे अपनी रखैल बनाकर रखता है। और, लाल सिंह चड्ढा से जब वह फिर मिलती है तो उसके संग पूरी रात दिल्ली की सड़कों पर घूमते हुए गुजार देना उसे अच्छा लगता है।

### नागा चैतन्य और मानव विज बने दिलदार

करीब 180 करोड़ रुपये की लागत से बनी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' वाकई मेहनत से बनी फिल्म है। पूरा देश इस एक फिल्म में नजर आता है। अपने दादा, परदादा की तरह चड्ढी, बनियान का कारोबार करने की हसरत लिए फौज में आया बाला फिल्म को एक अलग पुट प्रदान करता है। तो कारगिल की पहाड़ियों पर हुई जंग में घायल पाकिस्तानी की अलग कहानी है। हिंदुस्तान में रहकर उसका दिल बदलता है।

### देखें कि न देखें

अगर आपको अरसे से एक फिल्म ऐसी देखने का इंतजार रहा है जिसमें अच्छे सिनेमा के सारे तो नहीं लेकिन अधिकतर तत्व मौजूद हों तो फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' जरूर देखनी चाहिए।



# गहलोत बोले- गुजरात मॉडल देश के साथ धोखा था

## कहा- मोदी ने रेवड़ी कहकर करोड़ों लोगों का अपमान किया, मार्केटिंग के उस्ताद

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फ्री स्कीम को रेवड़ी बताने सहित कई मुद्दों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जुबानी हमला बोला है। गहलोत ने गुजरात मॉडल पर सवाल उठाते हुए इसे देश के साथ धोखा बताया है।

कहा- मोदी ने गुजरात मॉडल के नाम पर माहौल बनाया। मालूम करिए कि गुजरात मॉडल था क्या? गुजरात मॉडल देश के साथ में धोखा था। ऐसा माहौल बना दिया कि जैसे गुजरात मॉडल देश को कहां ले जाएगा? आज वहां लोग नौकरी के लिए तरस रहे हैं। कर्मचारियों को गुजरात में वेतन पूरा नहीं मिल रहा, लाखों लोग टेंपरेरी लगे हुए हैं। सड़कें टूटी पड़ी हैं। गहलोत गुरुवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- अब तो हमारे लोग वहां प्रभारी बनकर गए हुए हैं। वे कहते हैं कि क्या-क्या नहीं हो रहा है वहां पर। गुजरात मॉडल का इतना माहौल बना दिया था कि पता नहीं मोदी क्या करिश्मा कर देंगे?

मोदी की जिंदगी में बदलाव करने का बहुत बड़ा मौका आया था। अगर मोदी 75 साल की उपलब्धियों को क्वॉट करते और नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह के समय तक के फैसले बताते, लेकिन ऐसा नहीं करके मौका चूक गए।




### राजे के समय सरकारी खर्चे पर लाभार्थियों को लाया गया

गहलोत ने कहा- इस हालत में प्रधानमंत्री को रेवड़ी बांटने का बयान नहीं देना चाहिए था। ये रेवड़ी नहीं हैं । रेवड़ी का जुमला बोलकर पीएम ने करोड़ों लोगों की बेइज्जती की है। क्या वे भीख मांग रहे हैं क्या?

मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि जब वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थीं तब आपने जयपुर, अजमेर में बड़े बड़े प्रोग्राम किए थे। बाकायदा सरकारी स्तर पर लाभार्थियों को बसों से लाया गया था।

लंच, डिनर ब्रेक फास्ट की व्यवस्था की गई थी, लाने ले जाने की पूरी व्यवस्था सरकार ने की थी। लाभार्थियों को लिटरेचर के नाम पर एक बैग पकड़ाया कि हमने आप पर ये एहसान किए हैं। कम से कम हम इस तरह एहसान तो नहीं जता रहे।

मैंने पुरानी पेंशन बहाल करके सरकारी नौकरी में पूरी जिंदगी लगाने वाले को उसकी सोशल सिक्योरिटी बहाल की तो इन्हें तकलीफ हो रही है। इससे सरकार घबराई हुई है।

गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह हमारी योजनाओं पर रिसर्च करें। मैं चैलेंज देता हूं कि आप हमारे चार बजट का रिसर्च और विश्लेषण करवाइए और हमारी स्कीम को केंद्र में लागू करो और बीजेपी शासित राज्यों में भी लागू करवाओ। तब मालूम पड़ेगा कि हमारी योजनाओं की क्या खासियत है? हम मार्केटिंग कम करते हैं, ये इसमें उस्ताद लोग है। मोदी तो खुद उस्ताद हैं मार्केटिंग में।

### एनडीए राज में यूपीए से 10 गुणा भ्रष्टाचार बढ़ा

गहलोत ने कहा कि एनडीए सरकार के बाद जो करप्शन बढ़ा है उसने हदें पार कर दी हैं। यूपीए राज की तुलना में 10 गुणा ज्यादा करप्शन बढ़ गया है। लूट रहे हैं, लेकिन डर के मारे कोई बोल नहीं रहा है।

# जमीन-मकान और सोने के बिजनेस समूह पर इनकम टैक्स का छापा

## करोड़ों रुपए के काले धन का खुलासा




जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में इनकम टैक्स ने छापा मारने के दौरान 150 करोड़ रुपए के काले धन का पता लगाया है। सीबीडीटी ने गुरुवार को बताया कि इनकम टैक्स जयपुर के एक रत्न और आभूषण से जुड़े बिजनेस समूह पर छापा मारने के दौरान इस काले धन का खुलासा किया है।

### अब तक 11 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त

इनकम टैक्स ने यह छापेमारी 3 अगस्त को शुरू की थी। राजस्थान के जयपुर और कोटा जिलों में बिजनेस समूह के तीन दर्जन से अधिक परिसरों पर छापा मारा गया था। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अपने प्रेस बयान में बताया है कि अब तक 11 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की ली गई है।

### बिजनेस समूह जमीन-मकान की बिक्री का करता था काम

सीबीडीटी इनकम टैक्स विभाग के लिए नीति तैयार करता है। जिस बिजनेस समूह पर इनकम टैक्स ने छापा मारा है वह मकानों और जमीनों की बिक्री का काम भी करता था। मकान और जमीन की बिक्री के लिए यह बिजनेस समूह नकद ही स्वीकार करता था। बिजनेस समूह द्वारा बड़े पैमाने पर नकद पैसों की चोरी और हेरफेर किया जाता था। सीबीडीटी ने बताया कि इस तरह बिजनेस समूह टैक्स की चोरी करता था।

### काले धन को लक्जरी होटल में करता था निवेश

सीबीडीटी ने कहा है कि तलाशी के दौरान रत्नों और आभूषणों की बिक्री से जुड़े सबूत भी मिले हैं। इस तरह अर्जित की गई बेहिसाब आय को बिजनेस समूह ने भूमि, लक्जरी होटल के निर्माण में निवेश किया था।

सीबीडीटी ने कहा है कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि इस बिजनेस समूह ने 150 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाब आय अर्जित की है।

# हनुमानगढ़ में 13 अगस्त को बीजेपी निकालेगी तिरंगा यात्रा



हनुमानगढ़, 11 अगस्त (एजेंसियां)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को भाजपा नगर मंडल हनुमानगढ़ टाउन की विशेष बैठक हुई। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने 13 से 15 अगस्त के बीच चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ शहर में तिरंगा यात्रा निकालने और 16 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर की तैयारियों पर चर्चा की।

बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप ऐरी ने कहा कि तिरंगा हमारी शान, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नगरवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि इस साल आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाएं और अमृत महोत्सव के पर्व में सहभागी बनें। ऐरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक बूथ स्तर पर सक्रियता और कर्मठता के साथ सभी को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ना है। भाजपा कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ते हुए सबकी सहभागिता के साथ अभियान के लिए जुटेंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

पूर्व पालिकाध्यक्ष अमरसिंह राठौड़ ने कहा कि बीजेपी का सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। बीजेपी के हर कार्यकर्ता का संगठन को मजबूत करने और संगठन की हर गतिविधि को सक्रियता से निर्वहन करने का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से हर बूथ पर लोगों से संपर्क शुरू करें। राठौड़ ने हर घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। युवा भाजपा नेता अमित सहू ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी सहयोग व समन्वय के साथ हर घर तिरंगा अभियान को उत्साह के साथ सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा। साथ ही तिरंगा यात्रा व अन्य कार्यक्रमों में ध्वज की गरिमा का विशेष तौर पर ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# गहलोत के मंत्री रमेश बोले- राठौड़ पराक्रम दिखाएंगे तो पोल खोल दूंगा

## वसुंधरा सरकार में दबाई भ्रष्टाचार की रिपोर्ट

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में पंचायतीराज मंत्री रमेश मीना और उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ में जुबानी जंग जारी है। मंत्री रमेश मीणा ने कहा कि वसुंधरा सरकार में पंचायती राज मंत्री रहते हुए राजेंद्र राठौड़ ने भ्रष्टाचार की रिपोर्ट को दबाया था। जिससे सवाल खड़ा होता है कि जो व्यक्ति खुद भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है, उसे दूसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगाने चाहिए। मीणा ने कहा कि जिनके घर शीशे के बने होते हैं, वह दूसरों के घर पत्थर नहीं फेंका करते। राठौड़ साहब ज्यादा पराक्रम नहीं दिखाएं, पोल खुल जाएगी और बात दूर तक जाएगी। दरअसल, राजेंद्र राठौड़ ने मंत्री से उनके निर्वाचन क्षेत्र सपोटरा विधानसभा में हो रहे भ्रष्टाचार की भी जांच करवाने की बात कही। इस पर मीणा ने साल 2018 के पुराने आदेश निकाल कर सामने कर दिए, जिनमें अधिकारियों ने



नागौर में भ्रष्टाचार मानते हुए जांच की बात लिखी थी।


### छपास के रोगी है राजेंद्र राठौड़

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री रमेश मीना ने कहा कि हमारे प्रतिपक्ष के उपनेता जो पंचायचीराज विभाग के मंत्री भी रहे और इतने सीनियर होने के बावजूद उनके पास जानकारी नहीं रहती। केवल छपास के रोग के चलते चर्चा में रहने के लिए उन्होंने मेरी विधानसभा में जांच करने के लिए कहा। लेकिन उनको पता होना चाहिए कि मेरी दोनों पंचायत समिति सपोटरा और मंडरायल की जांच हुई और जिस एजेंसी की वह बात कर रहे हैं। उसके खिलाफ कार्रवाई भी हो चुकी है। वहां के अधिकारी आज भी सस्पेंड हैं, लेकिन वह इस बात का जवाब दें कि साल 2018 में उन्होंने क्यों तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास जाट की उस रिपोर्ट को दबाया था, जिसमें नागौर में भ्रष्टाचार को लेकर कार्रवाई की बात कही थी।

### राजेंद्र राठौड़ बोले- दंड के लिए तैयार हूं

मंत्री के आरोपों पर पलटवार करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि पंचायतीराज मंत्री ने मेरे कार्यकाल में भ्रष्ट्रचार के आरोपों की जांच करने की बात कही है। जिसका मैं स्वागत करता हूं। मेरे कार्यकाल में हुए कार्यों की जांच कराए। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन साथ ही यह भी जांच कराए कि उनके खाद्य मंत्री रहते हुए सपोटरा और मंडरायल में पंचायत समितियों में एक विशेष कंपनी को उपकृत करके। मेटेरियल कंपोनमेंट का ठेका क्यों दिया।

# नाबालिग का अपहरण कर रेप



कोटा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कोटा के अनंतपुरा इलाके में रहने वाली एक नाबालिग अपहरण कर रेप का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान लिए हैं और फिलहाल उसे नारी निकेतन में भिजवाया गया है। पीड़िता झाबुआ की रहने वाली है जो करीब 3 साल पहले अपने घर वालों के साथ कोटा में मजदूरी के लिए आई थी। मजदूरी के दौरान ही साथी मजदूर से उसका प्रेम प्रसंग बढ़ा और एक साल बाद दोनों ने भाग कर शादी कर ली।

उसके बाद वह पति के साथ अनंतपुरा इलाके में ही रहने लगी। सीडब्ल्यूसी सदस्य विमल चंद जैन ने बताया कि पीड़िता के बयान के अनुसार 13 जनवरी को जब पति व घर के अन्य लोग मजदूरी पर गए हुए थे उस समय उनके समाज का ही युवक कंजरु और उसकी पत्नी उसके घर आए और जरूरी बात करने की बात कहकर साथ ले गए। नदी पार इलाके में ले जाकर उन्होंने उसे जबरन कार में बिठा दिया जिसमें तीन चार लोग बैठे हुए थे उसमें से वह से सेकड़िया, गुड्डू और शरफू को जानती है। उसे जबरन डाबी बुधपुरा ले गए और वहां एक टापरी में रखा।

उसी रात कंजरू और सेकड़िया ने शराब पीने के बाद पीड़िता के साथ रेप किया। दूसरे दिन उसे आरोपी युवक सेकड़िया के घर ले गए जहां उसे 3 महीने तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ हर रोज रेप किया जाता रहा। 3 महीने बाद कंजरु ने पीड़िता के मां-बाप को बुलाया। पीड़िता ने अपने बयान में यह भी लिखा है कि कंजरु ने उसके पिता को पैसे भी दिए थे। हालांकि भाई यह नहीं बता सकी कि किस बात के लिए और कितने रुपए दिए थे। पीड़िता के अनुसार उसके बाद उसके पिता पीड़िता को अपने साथ ले गए और अपने गांव ले जाकर उसकी शादी दूसरी जगह करने की चर्चा करने लगे।

# राजस्थान में कोरोना वायरस के बाद स्वाइन फ्लू के बढ़े केस, कोरोना से 2 की मौत

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमित दो और मरीजों की मौत हो गई वहीं 613 नये मामले सामने आये हैं। प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद स्वाइन फ्लू ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी हैराजस्थान में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमित दो और मरीजों की मौत हो गई वहीं 613 नये मामले सामने आये हैं। प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद स्वाइन फ्लू ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। स्वाइन फ्लू के 90 मामले सामने आए है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कर्नाटक के बाद देश में सबसे ज्यादा स्वाइन फ्लू के मामले में राजस्थान में है। वहीं बुधवार को प्रदेश में कोरोना से 2 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार बुधवार को




झालावाड़ और बांसवाड़ा में कोरोना वायरस संक्रमित एक और मरीज की मौत हो गई, जिससे राज्य में अब तक इस घातक बीमारी से मरने वालों की संख्या 9592 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट अलर्ट कर रही है। इसके मुताबिक इन्फ्लुएंजा ए एच1एन1 के देश में सबसे ज्यादा मामले कर्नाटक और राजस्थान में सामने आए हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि राज्य में इस साल अब तक डेंगू-मलेरिया से ज्यादा मौतें स्वाइन फ्लू से हुई है। स्वाइन फ्लू से प्रदेश में औसतन हर महीने एक रोगी दम तोड़ रहा है। इस साल 8 अगस्त तक प्रदेश में स्वाइन फ्लू के 130 मरीज सामने आ चुके, जिनमें से सात रोगियों की मौत हो चुकी है। इधर, बारिश के साथ डेंगू के मामले भी बढने लगे हैं। मलेरिया काबू में है।

राज्य के परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला को स्वाइन फ्लू हो गया है। मंत्री ने खुद को आईसोलेट कर लिया है। परिवहन मंत्री ने खुद ट्ववीट कर हाल ही में यह जानकारी दी थी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार मौसमी बीमारियों को प्रकोप बढ़ रहा है। मलेरिया, डेंगू के बाद स्वाइन फ्लू के केस बढ़ना चिंता का विषय है। स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने प्रदेशवासियों से मौसमी बीमारियों के सावधानी बरतने की अपील की है। बुधवार को राज्य में 613 नये कोरोना वायरस संक्रमित मरीज पाये गये हैं।

# जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर को न्यायिक जांच में दोषी करार, बर्खास्तगी की लटकी तलवार



जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर को बड़ा झटका लगा है। तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह देव के साथ हुए विवाद में चल रही न्यायिक जांच की रिपोर्ट सरकार को मिल गई है। इसमें डॉ. सौम्या को दोषी माना गया है। इनके साथ ही, तीनों पार्षदों (पारस जैन, अजय सिंह और शंकर शर्मा) पर भी आरोप सिद्ध हुए हैं। संयुक्त सचिव विधिक मुदिता भार्गव ने जांच रिपोर्ट स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) सचिव जोगाराम को बुधवार को सौंपी। अब डॉ. सौम्या की कुर्सी पर फिर से खतरा मंडराने लगा है। अगर कोई जनप्रतिनिधि न्यायिक जांच में दोषी मिलता है तो उसे तुरंत पद से हटाया जा सकता है। तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर यज्ञ मित्र सिंह देव के साथ हुए विवाद के बाद सरकार ने सौम्या गुर्जर को 6 जून 2021 को मेयर पद से निलंबित कर दिया था। साथ ही उनके खिलाफ न्यायिक जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद सरकार ने शील धाभाई को जयपुर नगर निगम का कार्यवाहक मेयर बना दिया था। सौम्या गुर्जर को मेयर पद से निलंबित करने के आदेश पर इस साल एक फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दिया था। सुप्रीम कोर्ट के स्टे के बाद सौम्या गुर्जर वापस मेयर की कुर्सी पर बैठी थीं। सरकार के निलंबन के आदेश पर स्टे के लिए सौम्या गुर्जर ने पिछले साल राजस्थान हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई थी, लेकिन वहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी।

इस मामले में विधि विशेषज्ञ विष्णु दयाल शर्मा (राजकीय अधिवक्ता) ने बताया कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम के सेक्शन 39 (4) में प्रावधान है कि अगर कोई जनप्रतिनिधि न्यायिक जांच में दोषी मिलता है तो उसे तुरंत पद से हटाया जाएगा। इसके लिए सरकार गजट नोटिफिकेशन जारी कर सकती है। हालांकि राज्य सरकार या पक्षकार को इस न्यायिक जांच की रिपोर्ट की कॉपी सुप्रीम कोर्ट में पेश करना अनिवार्य है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने एक फरवरी को जो स्टे ऑर्डर दिया था, उसमें न्यायिक जांच को कोर्ट के समक्ष पेश करने निर्देश दिए थे।

# राजोरी में आतंकियों से लोहा लेते झुंझुनू के सूबेदार राजेंद्र प्रसाद शहीद

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के झुंझुनू जिले के सूबेदार राजेंद्र प्रसाद शहीद हो गए। राजेंद्र प्रसाद झुंझनु के ग्राम-मालिगोवन, पीओ-काशीम पुरा के रहने वाले थे। शहीद राजेन्द्र प्रसाद के साथ ही मदुरै के राइफलमैन लक्ष्मणन डी और फरीदाबाद हरियाणा निवासी राइफलमैन मनोज कुमार भी शामिल हैं।जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के परगल में गुरुवार को सुबह भारतीय सेना की पोस्ट पर आतंकियों के आत्मघाती हमले को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के भी 6 जवान घायल हुए थे। जिनमें से 3 शहीद हो गए हैं। शहीद होने वालों में राजस्थान के झुंझुनू जिले के सूबेदार राजेंद्र प्रसाद भी शामिल हैं।

आज सुबह क्षेत्र में अलर्ट रहे संतरी ने खराब मौसम और घने पत्तों का फायदा उठाते हुए 2 संदिग्ध व्यक्तियों को अपनी पोस्ट के पास आते देखा। संदिग्धों ने चौकी के अंदर प्रवेश करने का प्रयास करते हुए ग्रेनेड भी फेंके। इस पर पोस्ट पर तैनात सैनिकों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और ग्रेनेड हमले से लगी आग पर



